सोमवार, 9 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 17 |
| आर्द्रता | 57% |
| सूर्योदय: 6:05 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



जनवरी से कारें हो जाएंगी महंगी, वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं ने की मूल्य वृद्धि की घोषणा -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : समय का फैसला कभी गलत नहीं होता, बस साबित होने में समय लगता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कोलकाता समेत राज्यभर में विरोध प्रदर्शन

## साल्टलेक में ढाकाई साड़ियों में लगाई गई आग

### हिंदुओं पर अत्याचार के बीच आज बांग्लादेश के दौरे पर जाएंगे विदेश सचिव

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार को लेकर रविवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशखाली और पुरुलिया में हिंदुवादी समूहों द्वारा आयोजित विरोध रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की गई। कोलकाता के पास साल्टलेक इंटरनेशनल बस टर्मिनल के बाहर प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की ढाकाई जामदानी साड़ियों को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी सामानों के बहिष्कार का आह्वान किया तथा चेतावनी दी कि यदि तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम



बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत के खिलाफ नफरत से प्रेरित बयानों की निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे और जामदानी साड़ियों को जलाने के साथ ही हम लोगों से बांग्लादेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का आग्रह करते हैं। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने कहा कि यह कैसा बांग्लादेश है? 1971 में आजादी के लिए लड़ने वाले लोग अब अपना ही इतिहास मिटा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक रूप से बातचीत करने का आग्रह किया। दूसरी तरफ, कांथी में विरोध रैली का नेतृत्व करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ सनातनियों की एकजुटता है। उन्होंने कहा कि 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में 30,000 भारतीय सैनिकों की शहादत को पड़ोसी देश के इस्लामवादियों ने भुला दिया है। आज की रैली सीमा पार के तत्वों के लिए एक चेतावनी है कि वे भड़काऊ बयानबाजी बंद करें। बांग्लादेशी समूहों द्वारा भारत विरोधी बयानों के बारे में पूछे जाने पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सही समय पर उचित कदम उठाएगी।

### बांग्लादेश के चटगांव में चिन्मय कृष्ण दास, उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज

**ढाका :** बांग्लादेश के चटगांव में अदालत परिसर में पुलिस और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के समर्थकों के बीच झड़प के मामले में रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। 'ढाका ट्रिब्यून' समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि रविवार को दर्ज मामले में, राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार दास को मुख्य आरोपी जबकि शिनाख्त किये गए 164 व्यक्तियों और 400 से 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। व्यापारी और हिफाजत-ए-इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ता इनामुल हक ने चटगांव मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद अबू बकर सिद्दीकी की अदालत में शिकायत दायर की थी। हक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 नवंबर को न्यायालय में जमीन रजिस्ट्री का काम पूरा कराने के बाद घर लौटते समय दास के समर्थकों ने उन पर हमला किया था।

# सीरिया सरकार गिरी, असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत

**बेरूत :** सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का रविवार तड़के अप्रत्याशित अंत हो गया और लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। सीरियाई सरकारी टैलीविजन चैनल ने कुछ लोगों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया है जिसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर कर दिया गया है और जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा करा दिया गया है। वीडियो में बयान पढ़ रहे व्यक्ति ने कहा कि 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से ''स्वतंत्र सीरियाई देश'' की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। इससे कुछ घंटों पहले सीरियाई विपक्षी युद्ध निगरानी संस्था के प्रमुख ने दावा किया कि असद देश छोड़कर किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। वहीं सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। जलाली ने कहा, ''मैं अपने आवास पर ही हूं। मैं कहीं नहीं गया हूं क्योंकि मुझे अपने देश से प्रेम है।'' उन्होंने कहा कि वह सुबह काम करने के लिए अपने कार्यालय जाएंगे। उन्होंने सीरियाई नागरिकों से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल रात से यह जानकारी नहीं है कि असद और सीरियाई रक्षा मंत्री कहां हैं। उन्होंने सऊदी टेलीविजन नेटवर्क अल-अरबिया को बताया कि शनिवार रात उनसे संपर्क नहीं पो पाया है। संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ राजनयिक ने भी बहरीन में एक सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर असद के ठिकाने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।



### सीरिया में सभी भारतीय सुरक्षितः सरकारी सूत्र

सीरिया में सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने रविवार को दी। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी इस्लामी विद्रोहियों द्वारा सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने के कुछ घंटे बाद दी। सूत्रों ने कहा कि दमिश्क में भारतीय दूतावास अभी भी काम कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि दूतावास सीरिया में भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, सीरिया में लगभग 90 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 14 ऐसे हैं जो संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, ''हमारा दूतावास सीरिया के दमिश्क में काम करना जारी रखे हुए है। दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं।''

# महाकुंभ तैयारियों के लिए 2 वर्षों में भारतीय रेल ने खर्च किए 5000 करोड़ से अधिक रुपये : अश्विनी वैष्णव

**प्रयागराज :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव महाकुंभ 2025 के लिए रेलवे की तैयारियों का जायजा लेने वाराणसी से रेल मार्ग से प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने रविवार को यहां कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे 3,000 विशेष और 10,000 नियमित ट्रेनों सहित करीब 13,000 ट्रेनें चलाएगा और करीब डेढ़ से दो करोड़ यात्रियों को ट्रेन यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज में स्थित विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद रेल मंत्री ने पत्रकारों को बताया, मैंने गंगा नदी पर बने नए पुल का भी निरीक्षण किया जिसका उद्घाटन बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यहां गंगा नदी पर 100 साल के बाद नया पुल बना है। उन्होंने कहा, आज मैंने व्यक्तिगत रूप से पांच स्टेशनों का निरीक्षण किया। इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बहुत अच्छे बने हैं जहां श्रद्धालु ट्रेन आने तक अच्छी तरह से बैठ सकेंगे। होल्डिंग एरिया और टिकटों में कलर कोडिंग का उपयोग किया गया है ताकि श्रद्धालु सही प्लेटफार्म पर पहुंच सकें और सही ट्रेन पकड़ सकें। अश्विनी वैष्णव ने कहा, पहली बार मोबाइल यूटीएस का उपयोग यहां किया जा रहा है जिसमें एक मोबाइल उपकरण धारक व्यक्ति यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराएगा। इससे पूर्व, पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान इसका उपयोग किया गया था। रेल मंत्री ने कहा, महाकुम्भ के लिए प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर रेल का दोहरीकरण किया गया है। फाफामऊ-जंघई खंड का दोहरीकरण किया गया है। झूंसी, फाफामऊ, प्रयागराज, सूबेदारगंज, नैनी और छिवकी स्टेशन पर दूसरा प्रवेश द्वार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हर स्टेशन पर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है और इन सारे कंट्रोल रूम का मास्टर कंट्रोल रूम प्रयागराज स्टेशन पर बनाया गया है जहां सभी स्टेशन के लाइव फीड मिलेंगे। इनके अलावा, महाकुम्भ नगर और राज्य पुलिस से भी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से फीड यहां प्राप्त होगी। रेल मंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के (प्राण प्रतिष्ठा) कार्यक्रम और पुरी की जगन्नाथ यात्रा से मिले अनुभव का उपयोग करके यहां काम किया गया है। एक विशेष बात यह है कि करीब करीब हर स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज पर एकल दिशा में यात्रियों के जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान ट्रेनें इस तरह से लगाई जाएंगी कि यात्रियों को फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल कम से कम करना पड़े। रेल मंत्री ने कहा कि प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों पर 23 से ज्यादा होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं और 48 नए प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। इसी तरह 21 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाए गए हैं और 554 टिकटिंग व्यवस्थाएं की गई हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे ने 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा महाकुंभ के लिए पिछले दो वर्ष में तैयारियों पर खर्च किए हैं। रेल मंत्री के साथ चेयरमैन, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार और रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### महाकुंभ में 13,000 ट्रेनें चलाएगा रेलवे



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लिया महाकुंभ की तैयारी का जायजा

### नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली बार उतरेगा विमान

**नई दिल्ली :** क्रिसमस से एक पखवाड़ा पहले ही बड़ा दिन मनाने को तैयार हो चुके नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली बार आज विमान उतरेगा। दिल्ली से उड़ान भरकर पहला व्यावसायिक 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में पहुंचेगा और उपकरणों सहित अन्य संसाधनों की जांच के लिए डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के आसपास मंडराता रहेगा। इस पूरी कवायद के बाद क्रू मेंबर के साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) का विमान नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर पहली लैंडिंग करेगा। इस सफल लैंडिंग के साथ ही एयरपोर्ट के इतिहास में ढाई दशक की कवायद के बाद एक और सफलता जुड़ जाएगी। यहां विमान की सफल लैंडिंग के बाद विमान कुछ घंटे बाद ही टेक ऑफ भी करेगा। फिलहाल, इस बड़ी उपलब्धि से पहले रनवे को वाटर कैनन से सलामी दी गई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को ट्रायल रन से पहले विमान को लैंडिंग की अनुमति के साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने रनवे पर अन्य सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दे दी है। इस ट्रायल के बाद यापल वाई अड्डे के प्रमाणीकरण के लिए दस्तावेज को अंतिम रूप देगा और इसे डीजीसीए को सौंप देगा।

# सीमा सुरक्षा के लिए बृहद् ड्रोन रोधी इकाई गठित करेगा भारतः अमित शाह

**जोधपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जल्द ही एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करेगा, क्योंकि आने वाले दिनों में मानव रहित यानों का खतरा गंभीर होने वाला है। भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित बीएसएफ के प्रशिक्षण शिविर में बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ''लेजर युक्त ड्रोन रोधी गन-माउंटेड'' तंत्र के शुरुआती परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को मार गिराने और उनका पता लगाने की क्षमता तीन प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। शाह ने कहा, ''आने वाले दिनों में ड्रोन का खतरा और भी गंभीर होने वाला है... हम इससे निपटने के लिए समग्र सरकार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रक्षा और अनुसंधान संगठनों और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम आने वाले समय में देश के लिए एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करने जा रहे हैं।'' आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा से लगे इलाके में इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन मार गिराये गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा करीब 110 ड्रोन का था। हथियार और नशीले पदार्थ ले जाने में ड्रोन के इस्तेमाल की सबसे अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं, जबकि राजस्थान और जम्मू में कुछ घटनाएं हुई हैं। गृहमंत्री ने रस्मी परेड का अवलोकन किया और सलामी ली तथा वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए। बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं। मुख्य रूप से इसका काम देश के आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती 6,300 किलोमीटर की भारतीय सीमा की सुरक्षा करना है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान (2,289 किलोमीटर) और बांग्लादेश (4,096 किलोमीटर) से सटी भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) पर काम प्रगति पर है।



## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

# भारतीय ऋषियों ने ही धर्म को वास्तविक अर्थों में समझा, धर्म सिर्फ पूजा पद्धति नहीं है : योगी



**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि दुनिया में सिर्फ भारतीय ऋषियों ने ही धर्म को वास्तविक अर्थों में समझा है और सिर्फ पूजा पद्धति ही मजहब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन धर्म का कोई भी अनुयायी यह नहीं कह सकता कि सिर्फ मंदिर जाने वाला ही हिंदू है। कानपुर में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''धर्म का मार्ग बहुत विराट है। वास्तव में दुनिया के अंदर धर्म को भारतीय ऋषियों ने समझा है। यह सिर्फ उपासना विधि नहीं है। किसी ऋषि ने यह कभी नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं, वही सत्य है बल्कि कहा कि देश, समाज के लिए जो अच्छा लगे, उसका आचरण कर आगे बढ़ो।'' उन्होंने कहा, ''कोई सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि जो मंदिर जाए, वो ही हिंदू है। वेदों-शास्त्रों में विश्वास करूं या नहीं, तब भी मेरा हिंदुत्व मुझे लेकर चलेगा। हमने धर्म को उपासना विधि, ईष्ट या ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। कर्तव्य, सदाचार व नैतिक मूल्य का प्रवाह ही भारतीय परंपरा में धर्म माना गया है।'' मुख्यमंत्री रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने डॉक्टर बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन किया और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने समाज सुधार और सामाजिक विज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''लिखने की आदत डालें, तकनीक से भागे नहीं। जो समाज सुधार और विज्ञान से भागा, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाया।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1989 तक 80 करोड़ आबादी में देश में केवल आधा फीसद लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा थी, थोड़ा प्रयास हुआ तो यह संख्या दो फीसदी हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में साल 1999 में कदम उठाए गए तो आज भारत में 100 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन है।



# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत



डॉ. आर.के.सिन्हा

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है।

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है।

लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।

हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं।

हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों – क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।

यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर।

जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा।

आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे । यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।

पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा। इसमें पर्याप्त पार्किंग और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र जैसे सुधार शामिल हो सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पंचायत, नगरपालिका, विधान सभा और लोकसभा चुनावों में मतदान को बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। इस दिशा में कई स्तरों पर काम करना जरूरी है। (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# भ्रष्टाचार ने दुनियाभर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है



बाल मुकुन्द ओझा

भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने के लिए 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस 2024 की थीम है भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट होना कल की ईमानदारी को आकार देना। संयुक्त राष्ट्र का कहना है, भ्रष्टाचार का मुक़ाबला करने की ख़ातिर वैश्विक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर के देशों को मिलकर काम करने की ज़रूरत है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में रिश्वत की वार्षिक मात्रा एक ट्रिलियन डॉलर आँकी गई है। भ्रष्टाचार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.6 ट्रिलियन डॉलर का नुक़सान होता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के पाँच प्रतिशत से अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा लोगों में जन जागरण और चेतना जगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवसों का आयोजन किया जाता है। यह जगजाहिर और अकाट्य सत्य है कि दुनियाभर में भ्रष्टाचार की वजह से न केवल आर्थिक विकास पर असर पड़ता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुँचती है। विश्व का कोई भी देश भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास में बाधक है, लोकतंत्र के प्रति विश्वास को नुकसान पहुँचाता है और रिश्वत की संस्कृति को बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार से सामाजिक असमानता फैलती है। हर साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी जारी करता है जिसमें भ्रष्टतम देश शामिल किये जाते है। मगर लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका। यह हमारे सिस्टम का फेलियोर है या सत्ताधीशों का, इस पर गहन चिंतन और मनन की जरुरत है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह आग की तरह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है। इससे लोकतान्त्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण यानि जिसका आचार बिगड़ गया हो। स्वार्थ में लिप्त होकर किया गया गलत कार्य भ्रष्टाचार होता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं- रिश्वत, कमीशन लेना, काला बाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावट, कर्तव्य से भागना, चोर-अपराधियों आतंकियों को सहयोग करना आदि आदि। इसका सीधा मतलब है जब कोई व्यक्ति समाज द्वारा स्थापित नैतिकता के आचरण का उल्लंघन करता है तो वह भ्रष्टाचारी कहलाता है। यहां भ्रष्टाचार से हमारा तात्पर्य अनैतिक और गलत तरीके से अर्जित आय से है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है की वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुनिया के भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के द इंडिया करप्शन सर्वे 2023 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93 वें स्थान पर रहा। इससे पहले साल 2022 में भारत की रैंकिंग 85 थी, जो इस साल बढ़कर 93 हो गई है। दुनिया में सबसे भ्रष्ट देश सोमालिया है जबकि सबसे कम भ्रष्ट डेनमार्क है, जो लगातार छठे साल भी ग्लोबल करप्शन इंडेक्स में टॉप परहै। 140 करोड़ की आबादी का आधा भारत आज रिश्वतखोरी के मकड़जाल में फंसा हुआ है। स्थिति यह हो गई है की बिना रिश्वत दिए आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को हिला कर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। छउठइ और लोकल सर्कल इंडिया करप्शन सर्वे रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि लोगों को सबसे ज्यादा घूस जमीन से जुड़े मामलों में देनी पड़ रही है। इसके बाद दूसरे सबसे भ्रष्ट महकमों में पुलिस शामिल है। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आरही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रस्टाचार के दलदल में फंसे है। भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर कानून और दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। जब तक समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर हमला नहीं करेगा तब तक इस बीमारी को जड़मूल से समाप्त नहीं किया जा सकता।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

# पारिस्थितिकीय तंत्र को करें पुनर्जीवित

उस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत शृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है।

यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत शृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था। निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत शृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 दिसम्बर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष अष्टमी, 08:02 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 14:44 तक, योग : सिद्धि, 24:58 तक, सूर्योदय: 6:05, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 12:13, चन्द्रास्त: 24:33, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 07:29 से 08:49

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको आज कार्यों को लेकर भी खुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपको कुछ नई खुशखबरी देने वाला हो सकता है। दिन आपका सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। पारिवारिक कार्यों में आज आप व्यस्त रह सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपको अप्रत्याशित लाभ देने वाला हो सकता है। वहीं पर आज आपके घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने की संभावना है।

**कर्क :** आज का दिन छात्रों के लिए काफी बेहतर रहने की संभावना है। लेकिन छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान रखने की जरूरत है। पारिवारिक जीवन में शांति बनी रहेगी।

**सिंह :** आज के दिन आप किसी बड़े प्रोजेक्ट पर हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। हालांकि आपका दिन आज धन लाने वाला रहेगा। जिसकी वजह से आप दिन में काफी खुश रहेंगे।

**कन्या :** आज आपका पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। विद्यार्थियों को किसी मामले में आज तरक्की मिलने की संभावना दिख रही है। किसी से फालतू में वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा।

**तुला :** आज पैतृक संपति से आपको काफी लाभ मिलेगा। आपके विचारों की वजह से काफी लाभ होने की संभावना है। अपनी खुशी पर कार्य करने का प्रयास करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपको मनोकूल लाभ देने वाला हो सकता है। विवाह को लेकर परिवार के बीच प्रस्ताव आ सकता है। यात्रा का प्लान बना सकते हैं।

**धनु :** आज आपका दिन भाग-दौड़ भरा रहने की संभावना है। शुभ सूचना मिलने की संभावना है। दिन को लेकर आप काफी कॉन्फिडेंस में रहेंगे। खरीदारी का योग बन रहा है।

**मकर :** आज का दिन आपका सामान्य रह सकता है। लेकिन आपको अपने कार्यों पर ध्यान देने की जरूरत है। परिवार में आज आपके खुशहाली रहेगी। कार्यक्षेत्र पर काभी लाभ हो सकता है।

**कुम्भ :** आज का दिन किसी कार्य को लेकर खास रह सकता है। परिवार में धन को लेकर काफी खुशहाली रहेगी। दिन का एन्जॉय करने का प्रयास करें।

**मीन :** आज का दिन कार्यक्षेत्र को लेकर सामान्य रहने वाला हो सकता है। लेकिन आपको अपने कार्यक्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत है। कहीं से धन मिलने की संभावना है।

## विदेश की खबरें

### ईरान, इजराइल के बीच संबंध या इसका ना होना चिंता का विषय : जयशंकर




मनामा : विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी अनुपस्थिति चिंता का विषय है तथा भारत के कुछ कूटनीतिक प्रयास इस पहलू पर केंद्रित हैं। बहरीन में 'मनामा डायलॉग' में अपने संबोधन में जयशंकर ने लाल सागर में हूती चरमपंथियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों का सीधे तौर पर उल्लेख किए बिना कहा कि भारत सुरक्षा स्थिति को ठीक करने में रुचि रखता है। शनिवार को बहरीन की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें संघर्षों को और फैलने से रोकना, प्रमुख संपर्क परियोजनाओं का महत्व और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने कहा, 'हालिया समय में, हम सभी के लिए इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी (संबंध की) अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय रही है। इसलिए हमारे कुछ कूटनीतिक प्रयास उस विशेष पहलू पर केंद्रित रहे हैं।' जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ी हैं। अक्टूबर में, ईरान ने हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और लेबनानी चरमपंथी संगठन के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में इजराइल पर लगभग 200 मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद इजराइल ने ईरानी हमलों का जवाब दिया था। भारत के लिए पश्चिम एशिया के महत्व के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री ने देश की सतत आर्थिक वृद्धि को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "भारत आज लगभग 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश है, (और) हमें उम्मीद है कि इस दशक में यह आसानी से दोगुना हो जाएगा।

### बांग्लादेश के सलाहकार भारत के साथ संबंधों में गतिरोध के समाधान को लेकर आशावादी

**ढाका :** बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने रविवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश हाल के महीनों में संबंधों में आए गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे। हुसैन की टिप्पणी सोमवार को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश यात्रा से पहले आई है। मिस्री अपनी यात्रा के दौरान अगस्त में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को बांग्लादेश के सामने उठा सकते हैं। बांग्लादेश में आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी की बांग्लादेश की यह पहली यात्रा होगी। हुसैन ने नेशनल प्रेस क्लब में 'सार्क-पीपुल ऑफ साउथ एशिया क्रेव' नामक सेमिनार में कहा, 'हमें उम्मीद है कि हम इस गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे।'

### घाना की सत्तारूढ़ पार्टी उम्मीदवार ने राष्ट्रपति चुनाव में पराजय स्वीकार की

**अकरा :** घाना के उपराष्ट्रपति एवं सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार महामुदु बावुमिया ने रविवार को पश्चिम अफ्रीकी देश के कड़े मुकाबले वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से हार स्वीकार कर ली।इस राष्ट्रपति चुनाव को वर्तमान सरकार द्वारा खराब अर्थव्यवस्था से निपटने के तरीके के प्रति अविश्वास के रूप में देखा जा रहा है। आधिकारिक घोषणा से पहले, बावुमिया ने आकरा में स्थित अपने आवास एक प्रेसवार्ता में कहा कि घाना के लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है और वह इस निर्णय का "पूरी विनम्रता के साथ" सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, मैंने महामहिम जॉन महामा को घाना गणराज्य के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में बधाई देने के लिए अभी-अभी फोन किया। इससे पहले जुलाई 2012 से जनवरी 2017 के बीच घाना के राष्ट्रपति रहे 65 वर्षीय महामा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपनी जीत को "जोरदार" बताया। उन्होंने अपने प्रचार अभियान के दौरान विभिन्न मोर्चों पर देश में चीजों को "ठीक" करने का वादा किया था, जिसने मुख्य रूप से युवा घानावासियों को आकर्षित किया। युवाओं ने मतदान को देश के आर्थिक संकट से बाहर निकलने के एक रास्ते के रूप में देखा। देश के कई हिस्सों में विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों ने राजधानी शहर सहित जश्न मनाया। सफेद, हरे, लाल और काले रंग के कपड़े पहने महिलाओं और युवाओं ने सड़कों पर और पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में संगीत और तुरही की आवाज़ के साथ नृत्य किया। बावुमिया देश में सत्तारूढ़ न्यू पैट्रियटिक पार्टी या एनपीपी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे, जिसने निवर्तमान राष्ट्रपति नाना अकुफो-एडो के तहत आर्थिक संकट के समाधान के लिए संघर्ष किया है।

## वर्ग पहेली नं. 2940



➲ **बायें से दायें :-** 1) तुड़ा मुड़ा; सनकी; आश्चर्यजनक; विचित्र; विलक्षण, 3) घुमक्कड़; दिशाहीन, 6) चंद्रमा, 8) समाधान, 9) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 11) अर्हतासंपन्न, 13) उपरान्त, 15) कुख्यात, 17) शरीफ़ा, 18) ज़नाना कटिपरिधान, 19) एक सुगंधित जड़, 20) अधिकतर, 21) क्षुद्र; नीच, 23) कनकैया ; गुड्डी, 24) एक सफेद मीनघाती पक्षी, 25) इंद्र, 27) कँपकँपी; दोलन, 28) रात, 29) आभार.

➲ **ऊपर से नीचे :-** 1) असामान्य; विभाजित, 2) नष्ट, 3) मतलब, 4) मार्ग, 5) भ्रममूलक बात, 7) बोली बोलकर माल बेचने का ढंग, 10) गाढ़ी बासुंदी, 12) एक लोहजन्य खनिज पदार्थ, 14) शक्ति, 16) एक धर्मसंस्थापक, 18) कठोर उपाय काम में न लाकर नरम उपायों से काम निकालना, 19) सौ अरब, 20) स्वागत; *वैल्कम*, 21) एक मिठाई, 22) गणेश; गजानन, 26) संहार; हत्या.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | स | स्ने | ह | ■ | वा | स्त | वि | क |
| न | ■ | द | ■ | द | म | न | ■ | लं | ■ |
| व | र्त | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ |
| धा | ■ | ■ | मा | स्ट | र | ■ | मा | ■ | सु |
| न | व | रो | ज | ■ | ध्व | ■ | शा | ही | द |
| ■ | र | ग | ■ | अ | ज | न | बी | ■ | र्श |
| त | ना | ■ | पा | व | ■ | ■ | न | वी | न |
| र | ■ | द्य | व | स्था | प | क | ■ | र | ■ |
| स | म | र्थ | न | ■ | शु | ■ | प्र | ता | प |

## सुडोकू-पहेली-2900

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | | 1 |
| | 3 | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | 7 | | | | |
| | 5 | | | | | 6 | 3 | |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | | | 2 | | | | | |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2899 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 | 4 |



# तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने ममता को 'इंडिया' ब्लॉक का अध्यक्ष बनाने की मांग की

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने रविवार को पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 'इंडिया' ब्लॉक का अध्यक्ष बनाने की मांग की। सागरिका घोष ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि तमाम नेता यही चाहते हैं कि ममता बनर्जी 'इंडिया' ब्लॉक का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक के कई शीर्ष नेताओं ने, जिनमें एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार भी शामिल हैं, अब बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से 'इंडिया'



ब्लॉक में एक नेतृत्व की भूमिका निभाने की अपील की है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में ही तृणमूल कांग्रेस ने लगातार और निरंतर बीजेपी को हराया है। तृणमूल कांग्रेस का भाजपा को हराने का रिकॉर्ड अप्रतिम है, चाहे वह 2021 के विधानसभा चुनाव हों, 2024 के आम चुनाव हों, या हाल ही में संपन्न हुए छह विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव हों, तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को धूल चटाई है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी में वह साहस, प्रतिबद्धता और अनुभव है, जो भाजपा का डटकर सामना करने के लिए आवश्यक है और वह उन ताकतों के खिलाफ नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं, जो हमारे देश को सांप्रदायिक नफरत के साथ तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। स्वयं ममता बनर्जी ने हाल ही में यह कहा था कि अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में लोगों की सेवा उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि अगर अब यह सेवा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को चुनौती देने के लिए नेतृत्व की भूमिका निभाने की आवश्यकता महसूस होती है, तो वह इसके लिए तैयार हैं। वह सात बार सांसद, चार बार केंद्रीय मंत्री और तीन बार मुख्यमंत्री रही हैं। इस प्रकार, ममता बनर्जी से बेहतर कोई और व्यक्ति नहीं हो सकता जो हमारे देश को तोड़ने वाली सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर सके।

### ममता 'इंडिया' गठबंधन के नेतृत्व के लिए 'सबसे उपयुक्त' : तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को 'इंडिया' गठबंधन की कमान सौंपने की मांग की। पार्टी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त हैं क्योंकि वह एकमात्र नेता हैं जिन्होंने बार-बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को शिकस्त दी हैं। आजाद ने एक वीडियो बयान में कहा कि इन दिनों 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस)गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता के मुद्दे पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठतम शरद पवार सहित वरिष्ठ नेताओं ने भी कहा है कि ममता बनर्जी को 'इंडिया' गठबंधन का नेता बनाया जाना चाहिए। तृणमूल सांसद ने कहा कि परिवर्तन की जरूरत है। ममता बनर्जी एकमात्र नेता हैं जिन्होंने बार-बार भाजपा और (प्रधानमंत्री नरेन्द्र)मोदी जी को हराया है और हाल ही में पश्चिम बंगाल में हुए उपचुनावों में भाजपा को बंगाल से बाहर कर दिया गया। आजाद ने कहा कि उनके पास काफी अनुभव है, उन्होंने खुद कहा है कि उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा है कि अगर उन्हें अवसर मिलता है तो वह गठबंधन का नेतृत्व करने को तैयार हैं। वह सांसद, केंद्रीय मंत्री रही हैं और 2011 से वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ममता बनर्जी को 'इंडिया' गठबंधन का नेता बनाया जाए। अपने अनुभव के कारण वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

## अर्जुन सिंह ने 'हिंदुओं से अपने घरों में शस्त्र रखने' का किया आह्वान



**कोलकाता, समाज्ञा :** जब एक ओर भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ा हुआ है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं लगातार हमले जारी है। इसी बीच, भाटपाड़ा के तथाकथित 'बाहुबली' भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने रविवार को हिंदुओं से आह्वान किया कि यदि सुरक्षित रहना है तो वह अपने घरों में हथियार रखें। इसके साथ ही अर्जुन सिंह ने सनातनियों को एकजुट करने के लिए भाजपा की छत्रछाया में आने का भी आह्वान किया। दरअसल, इस दिन, बैरकपुर के पूर्व सांसद जगद्दल विधानसभा के अंतर्गत श्यामनगर के झाऊतला में भाजपा के सदस्यता अभियान पर निकले थे। वहां मीडिया को लोगों से बात करते हुए उन्होंने बांग्लादेश के हालात पर कहा कि आप देख रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है। वहां पूर्व सेनाध्यक्ष चार दिन में कलकत्ता पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। कलकत्ता की सड़कों पर जिहादियों का कब्ज़ा हो चुका है। यहां सब जमाती बैठे हैं। यहां दुर्गा पूजा, काली पूजा रोकी जाती है। जिहादियों को रोकने के लिए सनातनियों को एकजुट होना होगा और इसके लिए हम आपसे भाजपा में शामिल होने का आग्रह करते हैं। केवल भाजपा ही हिंदुओं को बचा सकती है। इसके बाद, उन्होंने आगे सलाह दी कि खुद को बचाना है तो हर घर में हथियार रखो।

## राज्य में डेंगू के मामले 30 हजार के करीब पहुंचा, प्रशासन सतर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने साल की शुरुआत से ही डेंगू पर नियंत्रण के लिए संयुक्त कार्यक्रमों पर जोर दे रही है। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है फिर भी संक्रमण कम नहीं हो रहा है। पिछले सप्ताह राज्य में डेंगू के कुल 1 हजार 346 मरीज सामने आए। इससे कुल संक्रमितों की संख्या 30 हजार तक पहुंच गई है।



स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक, 2 दिसंबर तक राज्य में 29 हजार 522 लोग डेंगू से संक्रमित हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के मुताबिक, सरकारी अस्पताल में जांच के बाद 23 हजार 84 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है।

इसके विपरीत, निजी अस्प-तालों और लैब से डेंगू की जांच कराने पर 6 हजार 483 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। यह डेटा, यह भी दर्शाता है कि लोग मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली पर भरोसा कर रहे हैं।

## बांग्लादेश में हिंसा रोकने के लिए केंद्र को सख्त कदम उठाना चाहिए : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले जारी हैं। बांग्लादेश में हो रहे घटनाओं के विरोध में रविवार को नागेंद्र मिशन और बंगाली सिटीजन फोरम की ओर से विरोध मार्च का आयोजन किया गया। इस विरोध मार्च में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

इसमें शामिल तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न का विरोध करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है हम उसका विरोध करते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे में हमारी (पश्चिम बंगाल)



कोई भूमिका नहीं है।

लेकिन बांग्लादेश में हिंसा को रोकने के लिए केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए।

## 'बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूह अल्पसंख्यकों को खत्म करने का दे रहे हैं उपदेश', इस्कॉन कोलकाता ने लगाए आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदू समूहों पर जारी हिंसा पर इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूह खु-लेआम इस्कॉन भक्तों और समर्थकों को खत्म करने उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले पर बांग्लादेश सरकार पर भी निशाना साधा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा कि देश के इन कट्टरपंथियों का समर्थन करने में बांग्लादेशी सरकार की निष्क्रियता और भी भयावह है। इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में, बांग्लादेश में कट्टरपंथी निजी जेट विमानों से देश भर में घूम रहे हैं। वे इस्कॉन के भक्तों और समर्थकों को खत्म करने का उपदेश दे रहे हैं। इन कट्टरपंथियों का समर्थन करने में बांग्लादेशी सरकार की निष्क्रियता और भी भयावह है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी हुआ है, जिसमें एक बांग्लादेशी नेता इस्कॉन को कैंसर के रूप में संबोधित कर रहा है। वह अपने समर्थकों से बांग्लादेश से सभी इस्कॉन प्रतिष्ठानों को उखाड़ फेंकने का आग्रह कर रहा है। राधारमण दास ने चेतावनी दी कि ऐसे नफरती भाषणों के कारण अल्पसंख्यकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क सकती है। उन्होंने आग्रह किया कि नफरत फैलाने वाले ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर लेना चाहिए। इस्कॉन प्रवक्ता सोमवार को विदेश सचिव स्तरीय बैठक में सकारात्मक परिणाम को लेकर आशांवित हैं।

## संदेशखाली पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम, मृत युवती के परिजनों से की बात

**कोलकाता, समाज्ञा :** युवती का शव बरामद होने के अगले दिन राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि संदेशखाली पहुंचे। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष अर्चना मजूमदार ने मृतक के परिजनों से बात की। उन्होंने परिवार के साथ देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। अर्चना देवी का आरोप है कि युवती के लापता होने के बाद ही पुलिस में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने दावा किया कि अगर पुलिस कार्रवाई करती तो ऐसी घटना नहीं होती। उन्होंने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए। अर्चना देवी पुलिस से विस्तृत जानकारी मांगी कि इस मामले में क्या कदम उठाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि युवती बुधवार



की शाम करीब 4 बजे अपने घर से सात सौ मीटर दूर बकरी चराने गयी थी। उनकी मां उनके साथ थीं। कुछ देर बाद मां दूसरे काम से चली गयी। इसके बाद से युवती का पता नहीं चला। स्कूल से लौटने के बाद युवती की बहन ने बताया कि दीदी खेत में नहीं है। वह घर पर भी नहीं थी। बड़ी बेटी को न ढूंढ पाने पर मृतक की मां ने अपने मामा को फोन पर सूचना दी। नैजाट थाने में युवती के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज हुई। शनिवार की सुबह करीब 5.30 बजे स्थानीय लोगों ने इलाके के एक तालाब में युवती का शव उतराता हुआ देखा।

## 'बांग्ला आवास योजना' में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए खोला गया पोर्टल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार द्वारा छात्रों को टैब के लिए मिलने वाली राशि दूसरे के खातों में जाने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इस तरह का घोटाला 'बांग्ला आवास योजना' में न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए नवान्न एक विशेष शिविर का आयोजन कर रही है। बांग्ला आवास योजना का वितरण 15 दिसंबर से शुरू होने वाला है। इससे पहले प्रशासन ने आवास राशि में भ्रष्टाचार रोकने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर चरणों में आवेदन करने वाले लाभार्थियों के पहचान संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इस शिविर के हरी झंडी देने के बाद ही पैसा उपभोक्ता के खाते में जमा किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के लिए



विशेष पोर्टल खोले जा रहे हैं। पालन किए जाने वाले नियमों की सूची बीडीओ कार्यालय को भेज दी गयी है। यहां तक कि, शिविर आधार लिंकेज के माध्यम से लाभार्थी के नाम-पहचान-बैंक विवरण का सत्यापन भी करेगा। इतना ही नहीं, आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी आने के बाद लाभार्थियों के नाम की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## भाजपा सदस्यता अभियान में बंगाल के प्रदर्शन से केंद्र नाराज, लक्ष्य 1 करोड़, सदस्य बने 20 लाख

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के साल्टलेक स्थित भाजपा के पार्टी कार्यालय में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को एक बैठक की गई। इस बैठक में बंगाल भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने संगठनात्मक कार्य और सदस्य भर्ती में विफलता के लिए पार्टी विधायकों को फटकार लगाई। वहीं, केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल से लेकर मंगल पांडे तक ने पर्याप्त सदस्य नहीं बना पाने के कारण सांसदों की भूमिका पर ज्यादा संतुष्टि नहीं जताई। सूत्रों के मुताबिक, इसलिए केंद्रीय नेतृत्व विधायकों को मैदान में उतारने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर भरोसा करने जा रहा है। सूत्रों की मानें तो, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने टीम शुभेंदु के नेतृत्व में बंगाल बीजेपी के विधायकों के साथ अलग से बैठक करने का फैसला लिया है।

बंगाल बीजेपी का सदस्यता लक्ष्य 1 करोड़ था। चूंकि यह व्यावहारिक रूप से असंभव था, इसलिए केंद्रीय नेतृत्व ने समय 15 दिसंबर तक बढ़ा दिया। लेकिन नवंबर माह के बाद दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रदेश भाजपा की सदस्यता मात्र 20 लाख रह गयी। हालांकि, बंगाल बीजेपी का दावा है कि उसकी सदस्यता 25 लाख तक पहुंच गई है। ऐसा माना जा रहा है कि 15 दिसंबर तक अधिक से अधिक 30 लाख के घर को छू सकता है, लेकिन लक्ष्य 1 करोड़ से काफी दूर है। वहीं, बंगाल बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल ने शनिवार को कोलकाता में पार्टी की बैठक में इस विफलता और सदस्यों की भर्ती में लापरवाही के लिए राज्य के नेताओं की आल-ोचना की। वहीं सदस्य जुटाने के काम में पार्टी विधायकों के प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने बेहद नाराजगी जताई है।

## एएआई कोलकाता हवाई अड्डे से विमानों के परिचालन के 100 साल पूरे होने का मनाएगा जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) कोलकाता हवाई अड्डे से विमानों के परिचालन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एएआई कोलकाता हवाई अड्डे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कोलकाता हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन के 100 साल पूरे होने के अवसर का जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा क्षण था जिसने दुनिया को पश्चिम बंगाल से जोड़ा। मूल रूप से दमदम हवाई अड्डे के नाम से जाना जाने वाला यह प्रतिष्ठित हवाई अड्डा श्रेष्ठता का प्रतीक है। जहां इतिहास, संस्कृति और आकाश की ऊंचाई एक स्थान पर आती है। इसमें कहा गया कि उत्कृष्टता की एक शताब्दी, आनन्द के शहर में विश्व का स्वागत है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, दिसंबर के तीसरे सप्ताह से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी और अगले साल मार्च के अंत तक यह जारी रहेगी। सूत्रों ने बताया कि ऐसी संभावना है कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस समारोह में शामिल होंगे। एनएससीबीआई हवाई अड्डे के निदेशक डॉ. प्रवत रंजन बेउरिया ने बताया कि एएआई के कोलकाता हवाई अड्डे से उड़ानों के संचालन के 100 साल पूरे होने के अवसर पर हमने कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। समारोह में ऐतिहासिक प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान और चर्चाएं आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बंगाल सरकार ने बस संचालकों को ड्राइवरों का विवरण सत्यापित करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य परिवहन विभाग ने लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की समस्या से निपटने के लिए बस संचालकों को ड्राइवरों और कंडक्टरों के बारे में जानकारी सत्यापित करने का निर्देश दिया है। परिवहन सचिव सौमित्र मोहन द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कहा गया है कि बसों में शिकायत रजिस्टर समेत फीडबैक तंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। छह दिसंबर को जारी एस-ओपी के अनुसार, इन रजिस्टर की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए और दर्ज समस्याओं का निपटान करते हुए सुधारात्मक उपाय किए जाने चाहिए। एसओपी में कहा गया



है कि लापरवाही से ड्राइविंग, यांत्रिक विफलता, उचित कौशल व जागरूकता की कमी के कारण कई सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को देखते हुए, भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए परिवहन ऑपरेटरों और सार्वजनिक वाहनों का संचालन करने वाले चालक दल के लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार करना और जारी करना आवश्यक है।

## भाजपा नेता वैशाली डालमिया के घर पर बमबाजी

❑ देर रात मकान के बाउंड्री वाल पर बम फेंककर फरार हुए बाइक सवार बदमाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा की नेता व पूर्व विधायक वैशाली डालमिया के कोलकाता के बेहला इलाके में स्थित घर को लक्ष्य कर कथित तौर पर बम फेंके जाने की घटना सामने आई है। वैशाली ने दावा किया कि बाइक सवार बदमाशों ने शनिवार की देर रात करीब 11.45 बजे उनके मकान के बाउंड्री वाल पर बम फेंककर फरार हो गए। घटना से वैशाली आतंकित हो गई और अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बाहर निकलीं।

हालांकि, इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने ठाकुरपुकुर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वैशाली का कहना है कि यह धमाका इतना जोरदार था



कि उनके सामने वाले घर की खिड़की टूट गई। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि उनके घर पर यह हमला क्यों हुआ। उन्होंने आशंका जताई कि भाजपा से जुड़ जाने के कारण ही उनके घर पर यह हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों का चेहरा साफ दिख रहा है। पुलिस आरोपितों को पकड़ने के लिए वैशाली के घर के बाहर व आसपास लगे सीसीटीवी को भी खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रात में दो युवक मोटरसाइकिल से आए थे और वैशाली के घर पर बम फेंक कर फरार हो गए। वैशाली कहती हैं कि उन्हें पुलिस की कार्रवाई पर पूरा भरोसा है कि वे जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेंगे।

## बंगाल के भाजपा विधायकों ने अयोध्या दौरा किया स्थगित

❑ राम लला के दर्शन के लिए छह से आठ दिसंबर के बीच अयोध्या जाने वाले थे भाजपा विधायक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पड़ोसी देश में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं व मंदिरों पर लगातार हो रहे हमले की घटनाओं के मद्देनजर बंगाल में विपक्षी भाजपा के विधायकों ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में राम लला के दर्शन के लिए वहां जाने का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया है। विधानसभा के चालू शीतकालीन सत्र में छह से आठ दिसंबर (शुक्रवार से रविवार) तक लगातार तीन दिन का ब्रेक (छुट्टी) था। उसी मौके पर इन तीन दिनों में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायक अयोध्या जाकर राम लला का दर्शन करने वाले थे। इस बीच, शुभेंदु ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, ऐसे में हमने फिलहाल अयोध्या जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। साथ ही, बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई भी टल गई है, ऐसे में हम अभी राम मंदिर देखने नहीं जा रहे हैं। प्रदेश भाजपा के सूत्रों के अनुसार, अब पार्टी के विधायक नए साल की शुरुआत में राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या जा सकते हैं। दरअसल, भाजपा की नजर फिलहाल बांग्लादेश की स्थिति पर है। अगर हिंदुओं पर हमले नहीं रूके तो भाजपा नेता इसके खिलाफ यहां लगातार विरोध मार्च व रैली जैसे कार्यक्रम करना चाहते हैं। इस संबंध में, कई भाजपा विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष से अपने क्षेत्र में कार्यक्रम करने की इजाजत मांगी है।

# इस बार राज्य पुलिस की टास्क फोर्स में एक अलग थाना भी

**इसी महीने सिलीगुड़ी व कोलकाता में दो अलग-अलग पुलिस स्टेशनों को मंजूरी मिल सकती है**

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की तरह इस बार राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स या एसटीएफ को भी अलग-अलग पुलिस स्टेशन मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, अगर सब कुछ ठीक रहा तो इसी महीने राज्य पुलिस की एसटीएफ के कोलकाता और सिलीगुड़ी में दो अलग-अलग पुलिस स्टेशनों को मंजूरी मिल सकती है। बता दें कि राज्य पुलिस की एसटीएफ का गठन पांच साल पहले आतंकवाद से निपटने से लेकर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने या अवैध हथियारों की खोज तक के लिए किया गया था। उस समय निर्णय लिया गया था कि राज्य पुलिस में एसटीएफ थाना भी बनाया जाएगा। कुछ दिन पहले राज्य पुलिस के दो एसटीएफ पुलिस स्टेशन (कोलकाता और सिलीगुड़ी) स्थापित करने के लिए राज्य सचिवालय नवान्न को एक प्रस्ताव भेजा गया था। सूत्रों के मुताबिक, यह प्रस्ताव फिलहाल मुख्य सचिव के पास लंबित है। कोलकाता पुलिस के पास कई दिनों से एसटीएफ का थाना है। उनके लिए एक विशेष अदालत भी है। एसटीएफ का मुख्यालय साल्टलेक के सेक्टर पांच में है। यहीं पर एसटीएफ फोर्स के आला अधिकारी और खुफिया अधिकारी बैठते हैं। इसके अलावा, एसटीएफ की सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी, मुर्शिदाबाद, मालदह, खड़गपुर और दुर्गापुर में इकाइयां हैं। प्रस्ताव में सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और मालदह इकाइयों के साथ सिलीगुड़ी पुलिस स्टेशन की भी मांग की गई है। फिर से खड़गपुर व दुर्गापुर मुख्यालय थाने के अधीन होंगे। थाना बनने से राज्य पुलिस के एसटीएफ जासूसों को जांच या सुनवाई के लिए पूरे राज्य के विभिन्न पुलिस स्टेशनों या अदालतों में भागना नहीं पड़ेगा। फिर, मुकदमा एसटीएफ के लिए एक विशेष अदालत में चलेगा या फिर अगर आरोपित प्रदेश में कहीं भी गिरफ्तार होता है तो उसे विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। वर्तमान में, विशेष पुलिस स्टेशन या अदालतों की अनुपस्थिति के कारण, आतंकियों, मादक पदार्थों या हथियारों की तस्करी के खात्मे के लिए गठित एसटीएफ को राज्य के विभिन्न जिला पुलिस स्टेशनों में मामले दर्ज करने पड़ते हैं।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नंदीग्राम में सहकारी समिति के चुनाव को लेकर तृणमूल-भाजपा में संघर्ष, कई जख्मी



**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम में सहकारी समिति के मतदान के दौरान गड़बड़ी फैलाने को लेकर मारपीट और कई किस्तों में बमबारी की घटना घटी है। नंदीग्राम का कंचननगर इलाका रणक्षेत्र में बदल गया। मतदाताओं को डराने-धमकाने कर भीड़ को तितर-बितर करने की इस घटना में पांच लोग घायल हो गये। वहां शनिवार की शाम से ही बम चल रहे है और दोपहर को स्थानीय कंचननगर हाई स्कूल में तमलुक कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर रुरल डेवलपमेंट बैंक की नंदीग्राम शाखा का मतदान केंद्र में गड़बड़ी से तनातनी की घटना घटी। इस दौरान बमबाजी की घटना से तनाव फैल गया है। घायलों को स्थानीय नंदीग्राम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर बीजेपी और तृणमूल द्वारा एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। नंदीग्राम के कंचननगर हाई स्कूल में वोटिंग शुरू होते ही तनातनी शुरु हुई। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, माहौल गरमाता गया। बीजेपी और तृणमूल के बीच हंगामा शुरू हो गया और फिर दोनों पक्ष भिड़ गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मतदान केंद्र के सामने पुलिस बल तैनात किया गया था। तनाव के बीच मतदान शुरू हुआ। कथित तौर पर, मतदान के दौरान, तृणमूल कार्यकर्ताओं की भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के करीबी मेघनाथ पाल और उनके समर्थकों से झड़प हो गई। दोनों पक्षों के बीच मारपीट व संघर्ष खबर के लिखे जाने तक जारी था। इस दौरान बमबाजी भी हुई। इस घटना से इलाके के लोगों में दहशत फैल गया। पुलिस कॉम्बैट फोर्स स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश में लगी थी। स्थानीय लोगों ने व अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नंदीग्राम ब्लॉक नंबर 1 की 7 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस, बीजेपी और निर्दल सहित 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जैसे मतदान शुरू हुआ कुछ ही घंटों में ही मतदान केंद्र के 200 मीटर के भीतर बम फेंके गये। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर हालात को नियंत्रित कर रहे थे। इस दौरान तमलुक के पूर्व लोकसभा सांसद दिब्येंदु अधिकारी मतदान का निरीक्षण करने पहुंचे तो तनाव और बढ़ा। उक्त खबर के लिखे जाने तक नंदीग्राम का कंचननगर इलाका रणक्षेत्र में बदल गया था। इधर, शुभेंदु अधिकारी के गढ़ कहे जाने वाले हाईपुर ग्राम पंचायत में बीजेपी ग्राम पंचायत का चुनाव हार गई। शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए तृणमूल ने कांथी 1 पंचायत समिति के अंतर्गत हाईपुर ग्राम पंचायत पर कब्जा कर लिया। राजनीतिक हलकों में शुभेंदु अधिकारी के गढ़ में बीजेपी की हार को काफी अहम माना जा रहा है।

## आवास योजना की सूची में एक ही परिवार के 12 सदस्यों के नाम, विरोध करने पर माकपा कार्यकर्ता पर हमला



**मालदह :** मालदह जिले के मानिकचक विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण चांदीपुर इलाके आवास योजना की सूची में एक ही परिवार के 12 लोगों के नाम का विरोध करना एक माकपा कार्यकर्ता पर हमला किया गया। पीड़ित युवक दानेश अली सीटू के जिला परिषद सदस्य बताया जा रहा है। आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगे हैं। आरोप है कि स्थानीय तृणमूल नेता आबिर अली और उनके परिवार के 12 सदस्यों का नाम आवास योजना की सूची में आया है। घटना का विरोध करते हुए दानेश अली ने मानिकचक पूर्व प्रखंड एवं जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की थी। आज सुबह दानेश अली पर अबीर अली समेत 10 से 25 लोगों ने असलहे से हमला कर दिया। इस दौरान दानेश को चाकुओं से गोदा गया। दानेश को लहूलुहान हालत में मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सीटू स्टेट काउंसिल के सदस्य कमल शेख ने कहा, 'सच्चाई यह है कि 20-25 दिन पहले 12 लोगों के नाम आवास योजना में आए थे। उसके पास इमारतें हैं। इसकी लिखित शिकायत डीएम व बीडीओ कार्यालय से की गयी थी। कुछ दिन बाद आज शनिवार को अबीर आया और साइन अली समेत 25 लोगों ने दानेश अली पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में दानेश को मालदह मेडिकल कॉलेज लाया गया। जो लोग हमला कर रहे हैं वे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और दानेश माकपा का। इसलिए यह हमला हुआ है। खबर लिखे जाने तक स्थानीय तृणमूल नेतृत्व से इस मामले में कोई प्रक्रिया नहीं मिल पाई थी।

## सैकड़ों नागरिकों में कम्बल वितरण



**कोलकाता :** वेस्ट बंगाल वेलफेयर सोसायटी द्वारा सैकड़ों नागरिकों में कम्बल वितरण सेवा कार्य का उद्घाटन राज्य की मंत्री डा0 शशि पांजा ने किया। उन्होंने सेवा कार्य की सराहना की। पार्षद मीरा हाजरा एवम् अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष रतन चन्द बॉगाणी, उपाध्यक्ष रमेश जैन, सचिव काशी प्रसाद धेलिया एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। काशी प्रसाद धेलिया ने बताया सेवा शिविर में वेद प्रकाश जोशी, मुक्तेश्वर मिश्रा, इन्द्र कुमार केजरीवाल, बाल किशन कलावटीया, श्रीप्रकाश पाटोदिया, काशी नाथ टण्डन, सावन टंडन, सतीश झा, ज्ञान प्रकाश जोशी, राजेन्द्र वर्मा, दयाशंकर तिवारी, महेश गोयल, किशन गोयल, अजीत सिंह, मनोज सिंह एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन रमेश जैन ने किया।

# स्कूल में मात्र एक शिक्षक, परीक्षा में पर्यवेक्षक की भूमिका में रसोइया

### एकमात्र अतिथि शिक्षक को 71 छात्र वाले स्कूल की चार कक्षाएं होती हैं संभालनी

**मुर्शिदाबाद :** दो मंजिला स्कूल भवन, 71 छात्र, लेकिन कोई स्थायी शिक्षक नहीं है। सिर्फ एक अतिथि शिक्षक बदरुल इस्लाम पर ही सारी जिम्मेदारी है। वही शिक्षक हैं, वहीं शिक्षा कर्मी हैं। ऐसे में मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा स्थित श्रीपुर जूनियर हाई स्कूल की वार्षिक परीक्षा के दौरान स्कूल की मिड-डे मील की रसोइया रुख्साना बीबी क्लासरूम की निगरानी करती नजर आईं। इस स्कूल में कुछ दिनों से वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। चार कक्षाओं की परीक्षाएं चल रही हैं। अकेले परीक्षा का प्रबंधन करने में बदरुल को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, रुख्साना बीबी ने कक्षा मॉनिटर की भूमिका निभाई। वह पिछले कुछ दिनों से लड़कियों के कमरे की निगरानी कर रही हैं। बदरुल लडक़ों के कमरे की निगरानी कर रहे हैं। बदरुल ने कहा कि चार कक्षाएं संभालनी होती हैं। अब दो कमरों में परीक्षा चल रही है। परिणामस्वरूप, मैंने मजबूरी में मध्याह्न भोजन की रसोइये को छात्रों पर निगरानी रखने के लिए कहा। यदि शिक्षकों की भर्ती नहीं की गई तो ऐसे कई स्कूल जल्द ही अपने दरवाजे बंद कर देंगे। श्रीपुर जूनियर हाई स्कूल 2010 में बनाया गया था। एक स्थायी शिक्षक और दो अतिथि शिक्षकों के साथ शिक्षण शुरू हुआ। दो अतिथि शिक्षकों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। बदरूल नए अतिथि शिक्षक के रूप में स्कूल से जुड़े हैं। कुछ साल पहले स्कूल के एकमात्र स्थायी शिक्षक का तबादला दूसरे स्कूल में कर दिया गया था। एक शिक्षाकर्मी भी था, जिसने दूसरी नौकरी ज्वाइन कर ली। बदरूल की सेवा का एक वर्ष और बाकी है। नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो विद्यालय में पढ़ाने वाला कोई नहीं रहेगा। अभिभावकों को भी छात्रों के भविष्य की चिंता सता रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक (माध्यमिक) अमर कुमार सील ने कहा कि उच्च प्राथमिक में शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। शिक्षकों की नियुक्ति हो जाए तो समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन जितनी संख्या में शिक्षकों की भर्ती हो रही है, उससे कई शिक्षकों के पद खाली रह जाएंगे।

## दक्षिणेश्वर में शिक्षिका की मौत के मामले में स्कूल प्रधानाचार्य, प्रबंधन समिति के सदस्यों से पूछताछ

**कोलकाता, समाज्ञा**



उत्तर 24 परगना जिले के दक्षिणेश्वर इलाके में एक शिक्षिका के कथित आत्महत्या के मामले में पुलिस ने स्कूल प्रधानाचार्य और प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों से पूछताछ की। बता दें कि स्कूल की शिक्षिका जसबीर कौर (58) का शव गत गुरुवार को दक्षिणेश्वर में उनके अपार्टमेंट में फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने बताया कि कौर ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया मंच पर आकर प्रधानाचार्य और प्रबंधन समिति के सदस्यों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिक्षिका के भाई ने दक्षिणेश्वर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें इन लोगों के नाम हैं। शिकायत में आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि डनलप इलाके में स्थित स्कूल में पढ़ाने वाली कौर फ्लैट में अकेली रह रही थीं और उनके दोनों बेटे विदेश में हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हम उनके पड़ोसियों और छात्रों के अभिभावकों से बात कर रहे हैं।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 53 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की




**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने संघ नेत्रालय में सेवा शिविर में 53 नागरिकों की आँख में मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया। विधाननगर नगर निगम के एमएम आई सी राजेश चिड़ीमार, समाजसेवी राजेन्द्र जयसवाल एवम अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के सचिव विकास चन्द चांडक, संघ नेत्रालय के सचिव आलोक दमानी, गोवर्धन मूंधड़ा, विकास जयसवाल, विजय बागड़ी, हरिप्रकाश सोनी, राजकुमार कोठारी एवम कार्यकर्ताओं ने किया। राजेश चिड़ीमार ने संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल के मार्गदर्शन में संस्था की प्रगति के लिये शुभकामना देते हुए नेत्र चिकित्सा एवम् सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण की प्रेरणा देते हुए हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। राजेन्द्र जयसवाल ने कहा संस्थाओं में सेवा कार्यों के लिये कार्यकर्ताओं को जोड़ना, सम्मान देना जरूरी है। सामाजिक संरचना के लिये समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा, चिकित्सा एवम् नागरिक सुविधा मिले, इस उद्देश्य से परोपकार की भावना से कार्य करना चाहिये। धन का सदुपयोग जरूरी है। सन 1955 से अब तक नागरिक स्वास्थ्य संघ ने अब तक 83 हजार से अधिक नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। आलोक दमानी ने संचालन एवम् विकास जयसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आरपीएफ 'ऑपरेशन सतर्क' और 'ऑपरेशन सेवा' के तहत अवैध गतिविधियों पर कसी लगाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ अपने दो केंद्रित पहल, 'ऑपरेशन सतर्क' और 'ऑपरेशन सेवा' के माध्यम से रेलवे परिसरों को सुरक्षित करने और यात्रियों की भलाई सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ है। ऑपरेशन सतर्क का लक्ष्य तस्करी, अवैध कब्जे और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरों को खत्म करना है। वहीं, ऑपरेशन सेवा घायल या अस्वस्थ लोगों सहित संकट में यात्रियों को बचाने और सहायता करने को प्राथमिकता देता है। ऑपरेशन सतर्क के तहत, 5 से 7 दिसंबर, 2024 तक तीन दिनों में आरपीएफ ने चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर बंदूक के साथ एक संदिग्ध की गिरफ्तारी की और उसे मधुपुर जीआरपीएस को सौंप दिया गया। अलग-अलग घटनाओं में विदेशी शराब भी बरामद की गई, जिसमें 6 दिसंबर को वर्दवान में 13,420 रुपये मूल्य की 122 बोतलें जब्त की गईं और 7 दिसंबर को भागलपुर में 1,240 रुपये की दो बोतलें जब्त की गईं। ऑपरेशन सेवा के तहत, आरपीएफ ने इसी अवधि में 12 यात्रियों को जीवन रक्षक सहायता प्रदान की।

## मुचिपाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सोना गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता :** नदिया के कृष्णानगर में बाउबाजार सोना बाजार के एक स्वर्ण व्यवसायी की शिकायत के आधार पर सोना गबन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, स्वर्ण व्यवसायी बिपुल करमकार ने मुचीपाड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कि की कृष्णानगर के सानेरपुकुर निवासी दिलीप मोदक को निर्माण के लिए कुछ सोना सौंपा गया था। आरोप है कि सोने के गहने को वापिस किए बिना अचानक दिलीप कार्यशाला से गायब हो गया। मुचिपाड़ा थाना में 23 अक्टूबर को बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसके आधार पर एबीएस, डी.डी. वैज्ञानिक सहायता और मैनुअल स्रोतों के उपयोग से आरोपी के ठिकाने का पता लगाया। इसके बाद, कृष्णानगर बस स्टैंड के पास टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को पकड़ लिया।

पकड़े जाने के बाद, एफआईआर में नामित आरोपी की व्यक्तिगत रूप से गहन तलाशी ली गई और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 441 ग्राम सोना और बिक्री से प्राप्त आय के रूप में लगभग 45 हजार नकद बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है।

### 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप यात्रियों के बीच हो रहा है लोकप्रिय

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'मेट्रो राइड कोलकाता ऐप' यात्रियों के बीच लोकप्रियता हासिल कर रही है। इस ऐप को अब तक 8.9 लाख से ज्यादा एंड्रॉइड और 43900 से ज्यादा आईओएस यूजर्स डाउनलोड कर चुके हैं। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (उठखड) द्वारा विकसित यह ऐप शुरुआत से ही यूजर्स के बीच हिट रहा है। यात्रियों के लाभ के लिए, 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप 05 मार्च 2022 को एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर और 22 मार्च 2024 को आईओएस प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया था। 30 नवंबर 2024 तक इस ऐप को 8.9 लाख से ज्यादा एंड्रॉइड यूजर्स ने गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया है और 43900 से ज्यादा आईओएस यूजर्स ने भी इस ऐप को ऐपल स्टोर से डाउनलोड किया है। यात्रियों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए, इस ऐप को डाउनलोड करने और उपयोग करने के तरीके पर विशेष प्रचार फिल्में उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफॉर्म टेलीविजन पर दिखाई जा रही हैं।

## घर जाने पर अड़ा मरीज, स्लाइन स्टैंड खोलकर एसएसकेएम में मचाया हंगामा



**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएसकेएम अस्पताल के पीजी पॉलीक्लिनिक में मरीज ने सलाइन स्टैंड खोलकर पूरे वार्ड में हंगामा किया। बताया गया है कि मरीज को एसएसकेएम अस्पताल के पीजी पॉलीक्लिनिक में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक, उसे रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिलनी थी। मरीज का इलाज शुरू में गैस्ट्रो विभाग के तहत एसएसकेएम अस्पताल में चल रहा था। वहां से मरीज की हालत में थोड़ा सुधार हुआ और उसे पीजी पॉलीक्लिनिक रेफर कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में मरीज अचानक घर जाने की जिद करने लगा। इसके बाद, उसने परिजनों की तलाश शुरू कर दी। परिजनों के बिना घर जाने से रोकने पर मरीज गुस्सा हो गया और आसपास के मरीजों पर हमला कर दिया। पहले तो उन्हें मुक्का मारा गया, लात मारी गई, गला घोंटा गया। जब अन्य मरीजों के परिजन उन्हें रोकने आये तो उन पर भी हमला कर दिया। चीखें सुनकर डॉक्टर और नर्स दौड़ पड़े। उन्होंने किसी तरह मरीज को बिस्तर पर भेजा और मरीज के हाथ पट्टियों से बांध दिये। कथित तौर पर मरीज ने पट्टी खोलने के बाद सलाइन स्टैंड खोला और ड्यूटी पर मौजूद एक नर्स की पीठ पर वार कर दिया। नर्स को बचाने के प्रयास में एक अस्पताल कर्मी के पैर में भी चोट लग गयी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



नन्दन में आयोजित कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रविवार को उमड़ी सिनेमा प्रेमियों की भीड़

### घोला में राशन के चावल की तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** घोला के लेनिनगढ़ में स्थानीय लोगों ने राशन के चावल की तस्करी के आरोप में दो तस्करों को कार के साथ रंग हाथों धर दबोचा। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही घोला और न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया है कि घोला के लेलिनगढ़ इलाके में दो लोग अवैध रूप से राशन दुकान से चावल की तस्करी कर रहे थे। तस्करी की खबर स्थानीय निवासियों को मिली और उन्होंने चलती गाड़ी का पीछा किया। स्थानीय लोगों ने पीछाकर कार में सवार 45 बोरी राशन के चावल के साथ दो लोगों को पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही राशन दुकान का मालिक दुकान बंद कर भाग गया। घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने पर घोला और न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस मौके पर गयी और राशन के चावल से भरी कार के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मुर्शिदाबाद में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार की रात को पीड़िता के पिता और उसके पड़ोसियों ने आरोपी को पास के जंगल में रंगे हाथों पकड़ लिया। पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने पीड़िता को घर से उठाया और पास के जंगल में ले गया। रंगें हाथ पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक की जमकर पिटाई की। बाद में, इस पूरे मामले की जानकारी बरवन थाने की पुलिस को दी गई। वहीं, पुलिस ने शनिवार की देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का स्थानीय अस्पताल में अभी इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस आरोपी युवक को रविवार को जिला अदालत में पेश करेगी और सरकारी वकील उसकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे। आरोपी पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### हावड़ा मंडल में बिना टिकट यात्रा करते 748 यात्री पकड़ाए, 3.2 लाख रुपये का वसूला जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने शनिवार को एक व्यापक टिकट-जांच अभियान शुरू किया। यह अभियान रेलवे नियमों को बनाए रखने और अनधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए एक निर्णायक कदम है। आरपीएफ ने वाणिज्यिक अधिकारियों की एक समर्पित टीम के नेतृत्व में बिना वैध टिकट के यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा। इस पहल का उद्देश्य अनुशासित और सम्मानजनक यात्रा वातावरण को बढ़ावा देते हुए यात्रियों के बीच जवाबदेही बढ़ाना है। इस अभियान के दौरान 748 यात्री बिना वैध टिकट के यात्रा करते हुए पकड़ाए गए। जिनसे जुर्माने के रूप में 3,20,865 रुपये वसूले गए। रेलवे द्वारा यात्रियों के बार-बार उचित टिकट के साथ यात्रा करने का अनुरोध किया जाता है।

# श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा का 21 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न, हुआ 'प्रतिबिम्ब' का लोकार्पण

### सर्वशक्तिमान भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे का शिक्षित होना जरूरी : महावीर प्रसाद सराफ

**हावड़ा :** शहर के शिक्षांचल के रूप में परिचित लिलुआ अंचल में स्थित स्वनामधन्य महाविद्यालय व राज्य के प्रथम स्वपोषित कॉलेज 'श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा' ने अपने विशाल प्रांगण में कॉलेज के 21वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ कॉलेज के ध्वजारोहण, स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने कॉलेज के लिए आज के दिन को अत्यंत महत्त्व-पूर्ण बताते हुए कहा कि इस कॉलेज की स्थापना युवाओं को उच्चतम मूल्यों पर आधारित उच्च-शिक्षा प्रदान कर उन्हें सत्य, स्वाभिमानी और सशक्त चरित्रवान बनने के लिए प्रेरित करना के उद्देश्य से की गई थी और आज भी हमारा यह प्रयास जारी है। सराफ ने कहा कि अगर हम चाहते हैं कि हमारा भारत पूरी दुनिया में सिरमौर बने तो इसके लिए सबसे जरूरी है कि हमारे देश का हर बच्चा सुशिक्षित हो जो सर्वशक्तिमान भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाए। सराफ ने इस बात को दोहराते हुए कि 'हर विद्यार्थी को है उच्च शिक्षा का अधिकार, आइए हम सब मिलकर करें इसे साकार', कहा कि हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी है और उसको यह सुविधा प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य के अंतर्गत श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा कॉलेज की संस्थापक ट्रस्टी बिमला देवी सराफ की स्मृति में हर जरूरतमंद विद्यार्थी को छात्रवृत्ति देती रहेगी। इस अवसर बतौर प्रधान अतिथि कलकता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता देवज्योति बसू की गरिमामयी उपस्थिति ने सैकड़ों विद्यार्थियों का व्यापक उत्साहवर्धन किया। कॉलेज के प्रातःकालीन सत्र के प्रभारी प्रोफेसर डा. निबिर गोस्वामी ने कॉलेज की अब तक की यात्रा के महत्पूर्ण अवसरों को याद किया। कॉलेज की शिक्षा प्रभारी शोभोनीता दत्ता ने कॉलेज के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2003 में चंद विद्यार्थियों के साथ शुरू हुए कॉलेज में वर्तमान में अध्ययनरत लगभग दो हजार विद्यार्थी इस कॉलेज की गुणवत्ता को सिद्ध करने के लिए प्रयाप्त हैं।




श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा के 21 वें स्थापना दिवस समारोह पर कॉलेज की वाषिक पत्रिका 'प्रतिबिंब' का संयुक्त रूप से लोकार्पण करते हुए कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ, प्राचार्या शोभोनिता दत्ता, प्रोफेसर नीबिर गोस्वामी, पत्रिका की सम्पादिका श्रीजिता मल्लिक, प्रोफेसर कुमारजीत मंडल, प्रोफेसर मनीषा श्रीवास्तव, प्रोफेसर रिनि गोस्वामी, सुनिता जोशी, सोमनाथ घोष, सौम्यदीप घोष, और प्रियंका नाथ परिलक्षित हैं।

समारोह में कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'प्रतिबिंब' का लोकार्पण पत्रिका की सम्पादक सृजिता मल्लिक, विभागीय सम्पादकों शोभोनीता दत्ता (बांग्ला) और प्रो. मनीषा श्रीवास्तव (हिन्दी) व पत्रिका को मूर्त रुप देने वाले प्रो. कुमारजीत मंडल, सहित रिनी गोस्वामी, सोमनाथ घोष, सोम्यदीप घोष, प्रियंका नाध और कॉलेज की मिडिया कोऑर्डिनेटर सुनिता जोशी ने कॉलेज के चेयरमैन सराफ के साथ संयुक्त रुप से किया जिसमें कॉलेज की वर्षभर की गतिविधियों के साथ ही कॉलेज के विद्यार्थियों की रचनाओं और कृतियों को समाहित किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के ट्रस्टी चंदन गोपाल सराफ, प्रचार प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। विद्यार्थियों व शिक्षाविदों द्वारा लगातार 3 घंटे तक प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार-हिंसा के खिलाफ रिसड़ा में निकाली गई रैली

**हुगली :** बांग्लादेश में हिन्दू सनातनियों पर हो रहे हमले-हिंसा के खिलाफ रिसड़ा में जागृत हिन्दू सनातनी समाज के तरफ से विशाल प्रतिवाद रैली निकाली गई। यह रैली स्वामी निर्गुणानन्द महाराज के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी एकत्रित हुए। रैली की शुरुआत रिसड़ा के बांगुड़ पार्क स्थित माहेश्वरी भवन के नजदीक से हुई। रैली बांगुड़ पार्क, एन.एस रोड होते हुए रिसड़ा के 4 नंबर रेलगेट से होकर नया बस्ती पहुंची फिर वहां से




वापस सुभाषनगर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स आकर संपन्न हुई। सनातनी हिन्दुओं ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के पोस्टर पर जूते बरसाए।

रैली के जरिये बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हुन्दुओं पर हो रहे अत्याचार, हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। रैली में विभिन्न हिंदू संगठनों और समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वामी निर्गुणानन्द महाराज कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार अत्याचारों की घटनाओं ने भारत सहित विश्वभर के हिंदुओं को झकझोर कर रख दिया है। कट्टरपंथी तत्व हिंदू संतों की गिरफ्तारी, पूजा स्थलों और मंदिरों पर हमले और महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार कर रहे हैं। भारत के सभी सनातनियों को एकजुट होकर बांग्लादेश का तीव्र प्रतिवाद करने का आग्रह किया गया। कहा कि हिन्दुओं को जगाने का प्रयाश किया जा रहा है। सभी सनातनियों को एक होकर बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं के हक अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। अगर बांग्लादेश इतने पर नहीं रुका तो आंदोलन और वृहद् होगा।

## बांग्लादेश हिंसा पर अधीर चौधरी ने पीएम से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बांग्लादेश की स्थिति को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। बता दें कि बांग्लादेश में यूनुस सरकार के सत्ता में आने के बाद हिंदुओं के खिलाफ लगातार हिंसा की घटनाएं घट रही हैं। इस्कॉन के मंदिरों पर हमले हुए हैं और मूर्तियों से तोड़फोड़ की गई हैं। रविवार को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बांग्लादेश में हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। वहां हिंसा, आतंक और भय का माहौल



बनाकर आतंक बनाया जा रहा है। हालांकि, बांग्लादेश के लोग ऐसा नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पूरी तरह से विफल रही है। इस कारण वहां की स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। वह प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हैं कि बांग्लादेश की स्थिति से कैसे निपटा जाए। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसलिए हमारे देश में सर्वदलीय बैठक जाए और बांग्लादेश के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति जिस तरह से खराब हो रही है। उसे लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति पर बहुत गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। वहां की स्थिति सामान्य हो। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

### नदी किनारे मिट्टी का अवैध खनन करते तीन लोग रंगे हाथ गिरफ्तार

**हावड़ा :** हावड़ा के श्यामपुर थानांतर्गत दामोदर नदी किनारे से अवैध रूप से मिट्टी काटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक जेसीबी मशीन और एक लॉरी को भी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को श्यामपुर ब्लॉक नंबर 2 के आमरदह ग्राम पंचायत क्षेत्र के बड़ा घुघुबेशिया गांव में दामोदर नदी में मिट्टी की चोरी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने यह देखते ही श्यामपुर ब्लॉक नंबर 2 प्रशासन को तुरंत सूचित किया। इसके बाद, भूमि सुधार विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और खबर के सत्यता की जांच की। इस मामले की शिकायत श्यामपुर थाने में भी दर्ज करायी गई। शिकायत के आधार पर श्यामपुर थाना प्रभारी कौस्ताब कर्मकार के नेतृत्व में श्यामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और तीन लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस मामले की जांच जारी है।

## सीपीएम की जनवरी माह से शुरू होंगी प्रैक्टिकल क्लास, शीर्ष नेता रहेंगे बतौर शिक्षक

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीपीएम अपने शून्य के खाते को खत्म करने के लिए बेताब है। इसके लिए जनवरी से सीपीएम कार्यकर्ताओं के लिए अलीमुद्दीन प्रैक्टिकल क्लास कराने वाले हैं। अलीमुद्दीन ने गांव के मेहनती लोगों का दिल जीतने के लिए पार्टी की युवा ब्रिगेड के साथ एक 'व्यावहारिक' कक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। इन कक्षाओं में मीनाक्षी मुखोपाध्याय, सृजन भट्टाचार्य से लेकर कलतान दासगुप्ता तक और दिप्सिता भी मैदान में उतरने वाली है। मोहम्मद सलीम से लेकर सीपीएम के राज्य सचिवालय और केंद्रीय समिति के शीर्ष नेता तक वहां शिक्षक रहेंगे। जनवरी से शुरू होने वाला प्रैक्टिकल



क्लास का यह कार्यक्रम सीपीएम में अभूतपूर्व है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के सभी हिस्सों में जनसंगठनों के माध्यम से छात्रों और युवाओं की टीम बनाकर संगठन का काम किया जाएगा। इस संबंध में सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने मीडिया से कहा, सीपीएम एक महीने की पार्टी है, जिसका एक स्थायी पार्टी स्कूल है। अब कार्यशाला में हाथों से काम सिखाने की व्यवस्था की जा रही है।

## कसबा में तृणमूल पार्षद पर हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद

### कूड़े से भरे मैदान में खोदकर आग्नेयास्त्र किये गये बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा में तृणमूल पार्षद पर हमले में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया गया है। बंदूक को जमीन में गाड़ दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में पकड़े गए पिंटू को लेकर शनिवार को बॉन्डेल गेट इलाके में तलाशी ली। वहां से असलहा बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लक्ष्मणकुमार शर्मा उर्फ पिंटू से लगातार पूछताछ की गयी। मैराथन पूछताछ में उसने हथियार छुपाने की जानकारी दी। जानकारी के आधार पर, शनिवार की दोपहर पुलिस ने बॉन्डेल गेट पर खाली जमीन की तलाशी ली। कूड़े से भरे मैदान में मिट्टी खोदने पर नाइन एमएम की पिस्टल, एक मैगजीन और 12 राउंड कारतूस मिले। बताया गया है कि इसी असलहे से पार्षद पर गोलियां चलाई गईं थी। उल्लेखनीय है कि गत 15 नवंबर की शाम कसबा के तृणमूल पार्षद सुशांत घोष पर घर के सामने बैठे समय हमला किया गया था। बाइक सवार बदमाशों ने उसे नजदीक से गोली मारने की कोशिश की और भागने की कोशिश की। लेकिन, ऐन वक्त पर बंदूक का ट्रिगर लॉक हो गया था इसलिए गोली नहीं चली। वार्ड 108 के पार्षद बाल-बाल बच गए। कोलकाता पुलिस ने एसआईटी गठन कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें हमले का एक मुख्य सरगना भी शामिल है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमले का मास्टरमाइंड गुलजार बिहार से दो हथियार लाया था और मोहम्मद अली के पास रखा था।

## डोमजूर में प्रेमी का गुप्तांग काटने के आरोप में प्रेमिका गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले में डोमजूर थाना अंतर्गत पार्वतीपुर शेखपारा इलाके में एक युवती ने शनिवार की रात अपने प्रेमी का गुप्तांग काट डाला। पुलिस आरोपित युवती को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुटी है। गंभीर रूप से घायल युवक का कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घायल युवक का नाम शेख आसिफ (24) है। उसका 20 वर्षीया सुमैया खातून से प्रेम संबंध था। बीच में दोनों के बीच मनमुटाव हुआ था लेकिन बाद में दोनों का रिश्ता ठीक हो गया था। सुमैया ने शनिवार की रात आसिफ को शेखपाड़ा बुलाया। आरोप है कि उसने ने आसिफ को पेड़ से बांध दिया और उसके प्राइवेट पार्ट पर धारदार हथियार से वार किया। इसमें आसिफ के लिंग का आधा हिस्सा कट गया। गंभीर रूप



से घायल आसिफ को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, सुमैया को डोमजूर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का शुरुआती अंदाजा यही है कि सुमैया अकेली नहीं थी, उसके साथ कोई और भी था। 20 साल की लड़की के लिए अकेले ऐसा करना संभव नहीं है। माना जा रहा है कि प्यार में किसी अनबन के चलते युवती ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है।

## सिमटने लगे मैदान बढ़ने लगे कंक्रीट के मकान तो सड़क जाम करके होने लगा क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**हुगली :** तेजी से बढ़ते कंक्रीट के मकान सिमटते मैदान की वजह से अब क्रीड़ा प्रतियोगिता का आजोयन भी कंक्रीट की सड़कों पर होने लगा। श्रीरामपुर नगरपालिका के 8 नंबर वार्ड कमेटी के तरफ से वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता का आयोजन श्रीरामपुर नगरपालिका के सीआईसी व आठ नंबर वार्ड के पार्षद गौर मोहन दे के नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन श्रीरामपुर के बेल्टिंग बाजार इलाके से श्रीरामपुर स्टेशन और अदालत को जोड़ने वाली सड़क पर हुआ। हालांकि सड़क मार्ग को अवरुद्ध करके खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। क्योंकि श्रीरामपुर में अब मैदान की जगह कंक्रीट के मैदान ने



ले लिए है।

इसलिए छोटे बच्चों को कंक्रीट की सड़कों पर ही खेल प्रतियोगिता में भाग लेना पड़ता है। कंक्रीट की सड़कों पर खेल प्रतियोगिता के दौरान बच्चे चोटिल भी हो सकते हैं। आयोजकों ने इसका बिना ख्याल रखे ही सड़क पर ही प्रतियोगिता का आयोजन किया। जन प्रतिनिधि आम लोगों को अपने बच्चों को मैदान में खलने की सलाह देते हैं।

सड़क मार्ग जाम होने से वाहन चालकों को दिक्कते पेश आयी। क्रीड़ा प्रतियोगिता के संपन्न होने पर विजेता को पुरुस्कृत व प्रमाणपत्र दिया गया।

### न्यूटाउन स्थित एक नामी मॉल में स्पा सेंटर के आड़ में देह व्यापार चलाने का आरोप, 17 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन स्थित एक नामी मॉल में स्पा सेंटर के आड़ में देह व्यापार चलाने के आरोप में शनिवार को बिधाननगर खुफिया शाखा की पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया। आज उन सभी को बारासात कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि पूरे न्यूटाउन में कई स्पा सेंटर हैं। स्पा सेंटरों के विज्ञापन सड़कों पर देखे जा सकते हैं। इन सभी स्पा या मसाज पार्लर के पीछे देह व्यापार चल रहा है। न्यूटाउन के एक्सिस मॉल में स्पा सेंटर के पीछे लंबे समय से देह व्यापार संचालित होता था। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद शनिवार की रात बिधाननगर पुलिस ने स्पा सेंटर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान 17 महिलाओं और 7 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। अंत में, स्पा सेंटर के पीछे वेश्यावृत्ति गिरोह चलाने के आरोप में तीन महिलाओं और सात ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया।

## सरकारी योजना के पैसे दिलाने के नाम पर एक दंपत्ति से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी योजना का पैसे दिलाने के नाम पर एक दंपत्ति से धोखे से सोने के गहने लूटने का मामला सामने आया है। इस घटना में रियाजुल शेख नाम के एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों के निशाने पर मरीज के परिजन और सियालदह स्टेशन पर आने वाले बुजुर्ग नागरिक होते हैं। एनआरएस अस्पताल परिसर में पीड़ित दंपति को सरकारी योजना का पैसा दिलाने के नाम पर लाइन पर खड़ा करवाने के बाद कहा कि इस योजना में पैसे लेने के लिए सोने के गहने पहनकर लाइन पर खड़े नहीं हो सकते। इसके बाद, आरोपियों ने एक दंपत्ति को लालच देकर उनसे



सोने के गहने ले लिए। इसके बाद, दंपति 5 दिसंबर को जब एनआरएस अस्पताल आयी तब उन्होंने आरोपी को पहचान लिया। पुलिस को सूचना देने के बाद आरोपी को एनआरएस से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी एनआरएस अस्पताल परिसर में रहता है। इस मामले की जांच जारी है।

## सास के हाथ-पैर बांध कर बंद कमरे में जला दिया, आरोपी बहू गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के सुताहाटा के पार्वतीपुर गांव में एक महिला को उसकी सांस की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि महिला ने अपनी सास के हाथ-पैर बांधकर, दरवाजा बंद करके जलाकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, सूताहाटा के पार्वतीपुर गांव की निवासी राजूबाला दास और उनकी बहू पुतुलरानी दास शनिवार सुबह घर पर अकेली थी। तभी स्थानीय लोगों ने उनके घर में आग की लपटे देखी। जब वे घर के अंदर आए तो देखा कि राजूबाला दास अधमरी पड़ी है। लेकिन, बहू वहां नहीं थी। सूचना पाकर सुताहाटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वृद्धा को बचाया और हल्दिया उप-जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों



ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का दावा है कि सास-बहू के रिश्ते अच्छे नहीं थे। शादी के बाद दोनों के बीच अशांति रहती थी। शनिवार सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। आरोप है कि घर में अशांति के चलते सास को अकेला पाकर बहू ने बदला लिया। शनिवार की रात सुताहाटा थाने के आसपास से पुलिस ने बहू को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है।

### बहरमपुर में बंधक बनाकर नाबालिग से 3 दिन तक दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद के बहरमपुर में सनसनीखेज घटना सामने आयी है। आरोप है कि नाबालिग लड़की को तीन दिनों तक बंधक बनाकर लगातार दुष्कर्म किया गया। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कथित तौर पर, तीन महिलाओं ने 15 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लेने में मदद की और एक युवक ने उसका बार-बार बलात्कार किया। शुक्रवार को एक युवक ने अपनी पत्नी और उसकी 15 वर्षीय बेटी और उसकी परिचित 55 वर्षीय महिला के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। पीड़ित परिवार का दावा है कि वे इस घटना में सीधे तौर पर शामिल हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने युवक समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## राज्यों की खबरें

## दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में बारिश, राजधानी में वायु गुणवत्ता फिर हुई बहुत खराब

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में रविवार शाम को बारिश हुई और मौसम विभाग ने शहर के अलग-अलग इलाकों में और बारिश होने का अनुमान जताया है। इस बीच, राजधानी में वायु गुणवत्ता में रविवार को भी गिरावट दर्ज की गई और एक्यूआई 302 यानी 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा। पश्चिमी दिल्ली, बाहरी उत्तरी दिल्ली और गुरुग्राम के कुछ इलाकों में बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में कहा है कि



राजौरी गार्डन, पटेल नगर, बुद्ध जयंती पार्क, राष्ट्रपति भवन, नजफगढ़, दिल्ली छावनी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों समेत दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी राजस्थान और उसके आसपास के इलाकों में एक सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है और इन प्रणालियों के प्रभाव के कारण दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने कहा, अगले 12 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में एक या दो बार बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने सोमवार सुबह मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाए रहने का भी अनुमान लगाया है। इस बीच, दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम है। वहीं, दिल्ली की वायु गुणवत्ता में रविवार को भी गिरावट दर्ज की गई और एक्यूआई 302 यानी 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा।

## आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की वजह : थरूर

**नयी दिल्ली :** अमेरिका ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के पीछे अमेरिकी 'डीप स्टेट' तत्व हैं, जिसके बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'आक्रामक व्यवहार' भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है। अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संगठन और अमेरिकी 'डीप स्टेट' तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी पर लक्षित हमलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के पीछे हैं। ऐसा माना जाता है कि 'डीप स्टेट' सरकार, नौकरशाही, खुफिया एजेंसियों और अन्य सरकारी संस्थाओं के अंदर स्थापित एक अनधिकृत गुप्त नेटवर्क है। अमेरिकी



दूतावास के एक प्रवक्ता ने आरोपों को 'निराशाजनक' बताया और कहा कि अमेरिका सरकार दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता की पैरोकार रही है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अमेरिका की सरकारी संस्थाओं में शामिल तत्वों ने भारत की छवि को ''नुकसान'' पहुंचाने के लिए मीडिया पोर्टल ओ-सीसीआरपी (ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलीभगत की। थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह स्पष्ट है कि भाजपा को न तो लोकतंत्र की समझ है और न ही कूटनीति की। वे ओछी राजनीति में इतने अंधे हो गए हैं कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और जीवंत स्वतंत्र नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं, और वे प्रमुख देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने में सत्तारूढ़ पार्टी की जिम्मेदारियों से अनजान हैं।'' पूर्व विदेश राज्य मंत्री ने कहा, ''यह आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है।'' भाजपा ने अदाणी समूह पर हमला करने और सरकार के साथ उसकी निकटता का आरोप लगाने के लिए गांधी द्वारा ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का उपयोग किए जाने का हवाला दिया था। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, ''यह निराशाजनक है कि भारत में सत्तारूढ़ पार्टी इस तरह के आरोप लगा रही है।''

### 'इंडिया' गठबंधन ने सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के लिए रणनीति पर चर्चा की

**रांची :** झारखंड में सत्तारूढ़ 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के विधायकों ने रविवार को एक बैठक की जिसमें नवगठित विधानसभा के पहले सत्र के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। सत्र सोमवार को शुरू होगा और 12 दिसंबर को समाप्त होगा। 'इंडिया' गठबंधन के एक नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान सभी सदस्यों से विपक्ष के सवालों का 'तार्किक जवाब' देने के लिए तैयार रहने को कहा गया। चार दिवसीय सत्र की शुरुआत 81 सदस्यीय विधानसभा के विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह से होगी। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव, राज्यपाल का अभिभाषण, द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करने के अलावा राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस भी होगी। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बैठक के दौरान विधायकों के शपथ ग्रहण, विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव, राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद किशोर ने संवाददाताओं से कहा, 'संसदीय कार्य मंत्री होने के नाते मैंने सदस्यों से राज्यपाल के अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर बहस के लिए तैयार रहने को कहा है।' राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने पिछले विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के नाम पर अपनी सहमति दे दी है। कांग्रेस विधायक कुमार जय मंगल ने कहा कि महतो सदन के वरिष्ठ सदस्य हैं और उन्हें विधानसभा की कार्यवाही चलाने का अनुभव है। बृहस्पतिवार को झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को यहां एक भव्य समारोह में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।

### दो वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में पुलिस ने दो साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने सात दिसंबर को अपने ही परिवार की दो साल की बच्ची से दुष्कर्म किया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को पुलिस ने सामान्य गश्त के दौरान संदेह होने पर एक मोटरसाइकिल सवार को रोकने की कोशिश की तो उसने भागने का प्रयास किया। चौहान ने बताया कि पुलिस द्वारा रोक लिये जाने पर उसने पुलिसकर्मियों पर कथित रूप से गोली चलायी। उन्होंने दावा किया कि पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलायी गयी गोली लगने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया और उसकी पहचान हरियाणा के पलवल जिले के निवासी रूप में हुई।

## उत्तर प्रदेश के गोंडा में चोरी के आरोप में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**गोंडा :** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में पुलिस ने रविवार को चोरी के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रविवार को बताया कि जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित आवास विकास कॉलोनी के निवासी गुरु प्रसाद तिवारी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने 25 नवंबर को उनके घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली है। जायसवाल ने बताया कि जांच के दौरान भूमिका सामने आने पर पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान बांग्लादेश के चपैनवाबगंज जिले के निवासी दलीम के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि उसके पास से पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के पते पर बना फर्जी आधार कार्ड और चोरी का सामान बेचकर मिले 20 हजार रुपये बरामद किये गये। जायसवाल के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है और छह नवंबर को बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुआ था। जायसवाल के अनुसार आरोपी ने पुलिस को बताया कि पहले पांच दिन वह हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रहा, इसके बाद ट्रेन से कानपुर आ गया और वहां काम की तलाश करने लगा, काम न मिलने पर वह 25 नवंबर को गोंडा आ गया। उन्होंने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक ने पूछताछ में बताया कि गोंडा रेलवे स्टेशन से उतरकर वह आवास विकास कॉलोनी आया और प्रेरणा पार्क के पास एक घर में ताला लगा देखा। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि उसी रात उसने ताला तोड़कर घर से जेवरात चोरी कर लिए।

### राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राज्य की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज, प्राकृतिक गैस, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। शर्मा ने रविवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सीआईआई ने सम्मेलन के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही निवेशकों और राज्य सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार से यहां सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मेरठ में शाकाहारी परिवार को मांसाहार परोसने पर हंगामा

**मेरठ (उप्र) :** जिले में गंगानगर के एक रेस्तरां में शाकाहारी परिवार को कथित तौर पर मांसाहारी भोजन परोसे जाने के बाद लोगों ने भारी हंगामा किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि गंगानगर के डाउन टाउन कांप्लेक्स स्थित एक रेस्तरां में शुक्रवार शाम एक परिवार ने शाकाहारी व्यंजन का ऑर्डर किया था, लेकिन गलती से उन्हें मुर्गे का भुना हुआ मांस परोसा गया। इस घटना को लेकर परिवार ने दूसरे संप्रदाय के कर्मचारी पर जानबूझकर 'धर्मभ्रष्ट' करने का आरोप लगाते हुये गंगानगर थाने में शिकायत दी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि गंगानगर क्षेत्र स्थित रेस्तरां के सन्दर्भ में एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह परिवार के साथ रेस्तरां में खाना खाने गये थे और उसने शाकाहारी व्यंजन का ऑर्डर दिया था, लेकिन उन्हें मांसाहारी भोजन परोसा गया।

### लखनऊ के प्रमुख स्थानों पर बम रखे होने की सूचना निकली अफवाह

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस को रविवार सुबह यहां तीन प्रमुख स्थानों पर बम होने की सूचना दी गई जिसके बाद इन स्थानों पर तलाशी ली गई लेकिन यह सूचना अफवाह निकली। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे '112 नंबर' पर सूचना मिली कि हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन, चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बसअड्डे पर बम रखे गए हैं जिसके बाद सुरक्षाबलों को संभावित खतरे के बारे में सचेत किया गया और बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की मदद से विशेष जांच अभियान चलाया गया। अपर पुलिस उपायुक्त (मध्य) मनीषा सिंह ने कहा, पुलिस की टीम ने बम निरोधक दस्तों के साथ गहन जांच की। हालांकि, इनमें से किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पुलिस उस फोन नंबर का पता लगा रही है जिससे यह कॉल की गई थी और फोन करने वाले को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हरियाणा में 15 वर्षीय लड़के का 11 साल बड़ी से विवाह रुकवाया गया

**जींद :** हरियाणा में 15 वर्षीय लड़के की उससे करीब 11 साल बड़ी लड़की से कराई जा रही शादी को रुकवा दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता ने बताया कि उनके कार्यालय को डिडवाडा गांव में एक नाबालिग लड़के का बाल विवाह कराए जाने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि शादी के लिए बारात उत्तर प्रदेश के शामली जिले से आई थी और दूल्हे के जब उम्र से संबंधित कागजात की जांच की गई तो उसकी उम्र मात्र 15 वर्ष चार माह मिली और दुल्हन की उम्र 26 वर्ष पाई गई। सुनीता ने बताया कि टीम ने नाबालिग लड़के की शादी को रुकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए चेताया। उनके मुताबिक, लड़के के परिजनों ने बताया कि उसके माता-पिता बीमार रहते हैं और उन्हें किसी कानून की कोई जानकारी नहीं है और इसलिए वे गलती से ऐसा कर रहे थे। सुनीता ने कहा कि परिवार द्वारा महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग के अधिकारियों को लिखित बयान दिए गए कि वे कानून का पालना करेंगे तथा लड़के के बालिग होने पर ही उसकी शादी करेंगे।

### केले को लेकर दो बंदरों के बीच लड़ाई से बिहार के स्टेशन पर रेल सेवा बाधित

**समस्तीपुर (बिहार) :** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर केले को लेकर दो बंदरों के बीच लड़ाई के कारण रेल सेवाएं बाधित हो गईं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को उस समय हुई जब प्लेटफार्म नंबर-चार पर दो बंदर आपस में लड़ रहे थे। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''झगड़े के दौरान अचानक एक बंदर ने दूसरे पर कोई वस्तु फेंकी। वस्तु ओवरहेड तार से टकराई और बिजली की लाइन टूट गई। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं।''

# हरियाणा पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछार की

**चंडीगढ़/शंभू :** पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने से कुछ किसानों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने रविवार दोपहर को दिल्ली की ओर पैदल मार्च स्थगित कर दिया। किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार को अगली रणनीति तय करेंगे। पंजाब-हरियाणा सीमा पर 101 किसानों के एक जत्थे ने रविवार को शंभू विरोध स्थल से दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर से शुरू किया लेकिन हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों की ओर से लगाए गए बहुस्तरीय अवरोधकों के कारण वे आगे नहीं बढ़ सके। हालांकि, हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को चाय और बिस्कुट देकर और उन पर फूल



बरसाकर उन्हें आश्चर्यचकित भी कर दिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि यह सब एक 'नाटक' था, क्योंकि जब वे शंभू बॉर्डर पार करने पर अड़े तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार छोड़ी। प्रदर्शनकारी किसानों के अवरोधकों के पास पहुंचने पर उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछारें की गईं। अंबाला पुलिस ने पहले कहा था कि किसान संगठन राष्ट्रीय राजधानी प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद ही दिल्ली की ओर मार्च कर सकते हैं। 'मरजीवरा' (किसी उद्देश्य के लिए मरने को तैयार व्यक्ति) नामक यह समूह फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों के लिए मार्च कर रहा था लेकिन उन्हें कुछ मीटर दूर ही रोक दिया गया तथा तीन घंटे से अधिक समय तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच गतिरोध के बाद किसानों ने एक दिन के लिए मार्च स्थगित कर दिया। पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शाम को कहा कि कम से कम छह किसान घायल हो गए और उनमें से एक को चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में ले जाया गया है। पंधेर ने कहा कि सोमवार को किसान अपने मंचों - संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा-की बैठक के बाद अपनी अगली कार्रवाई का फैसला करेंगे।

## प्रयागराज महाकुंभ मेले के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम : ब्रजेश पाठक

**मुंबई :** प्रयागराज में अगले महीने शुरू होने वाले महाकुंभ मेले के लिए प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा जांच, भारतीय भाषाओं में घोषणाएं और स्वास्थ्य सुविधा सहित कई उपाय किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर उन्हें महाकुंभ में आमंत्रित किया। पाठक ने कहा कि महाकुंभ - 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक समागम - 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। पाठक ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, 'मैं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री के माध्यम से महाराष्ट्र के लोगों को महाकुंभ का निमंत्रण देने आया हूं। आइए और आध्यात्मिकता का अनुभव कीजिए।' पाठक ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी



इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'प्रयागराज शहर के प्रवेश द्वारों और महाकुंभ स्थलों पर सुरक्षा जांच की जाएगी। कई भारतीय भाषाओं में घोषणाएं की जाएंगी।' उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्थल के निकट 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल स्थापित किया गया है, जहां विशेषज्ञ और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे

## सर्वसम्मति से चुना जाएगा 'इंडिया' गठबंधन का नेता: तेजस्वी यादव

**कोलकाता :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी समेत कोई भी वरिष्ठ नेता 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर सकता है, इसपर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि फैसला सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने शहर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन ने इस मामले पर विचार नहीं किया है और सभी पक्षों के साथ चर्चा होनी है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी गठबंधन करेंगी, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि गठबंधन में भाजपा विरोधी कई वरिष्ठ नेता हैं, ऐसे में नेता चुनने के बारे में बैठकर बात करनी चाहिए और सामूहिक रूप से फैसला लेना चाहिए। यादव से पूछा गया कि अगर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गठबंधन का नेतृत्व करें, तो क्या उसमें शामिल प्रमुख दल राजद समर्थन के लिए तैयार है, इसपर उन्होंने कहा, हमने अब तक भविष्य के नेतृत्व के मुद्दे पर सामूहिक रूप से कोई निर्णय नहीं लिया। लेकिन जब नेता और भविष्य के रोडमैप पर बात होगी, तो सर्वसम्मति से इस बारे में कोई भी फैसला लिया जाएगा।

## गोरखपुर 2025 तक देश का पहला एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सह अध्ययन केंद्र वाला शहर बनेगा

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर सितंबर 2025 तक देश का पहला एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन तथा अध्ययन केंद्र वाला शहर बनेगा। सहजांवा के सुथनी गांव में 40 एकड़ में स्थापित की जाने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य गोरखपुर को कचरा मुक्त शहर बनाना और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करना है। नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल ने कहा कि यह एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन न केवल विभिन्न तरह के कचरे का प्रसंस्करण करेगा, बल्कि चारकोल और बायो-सीएनजी का भी उत्पादन करेगा जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राजस्व बढ़ेगा। सोगरवाल ने बताया कि उन्होंने इस अनूठे मॉडल को विशाखापत्तनम और दिल्ली में पेश किया और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 13 से 15 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में इसे प्रदर्शित किया जाएगा। सोगरवाल ने बताया कि यह एकीकृत केंद्र बायोमेडिकल, ई-कचरा, बैटरी, टायर, टेराकोटा, वाहनों के कबाड़, घरेलू खतरनाक वस्तुओं, औद्योगिक एवं जैविक कचरे का प्रसंस्करण करेगा। साथ ही यह एक अध्ययन केंद्र के तौर पर भी काम करेगा और तकनीकी विशेषज्ञता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि तीन एकीकृत संयंत्र स्थापित करने की योजना है जिसमें सूखे कचरे के संयंत्र की क्षमता 500 टन प्रतिदिन की होगी और यह चारकोल का उत्पादन करेगा। तीन सौ करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ समझौता ज्ञापन से राजस्व सृजन और रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे। सोगरवाल ने बताया कि गीले कचरे के संयंत्र की क्षमता 200 टन प्रतिदिन की होगी जो बायो-सीएनजी का उत्पादन करेगा जबकि खतरनाक कचरा संयंत्र, पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों का उपयोग कर घरेलू खतरनाक कचरों का प्रसंस्करण करेगा।

## जयपुर में सैनिकों के सम्मान में 'ऑनर रन' का आयोजन

**जयपुर :** सेना की सप्त शक्ति कमान द्वारा पूर्व सैनिकों के सम्मान में 'ऑनर रन' का आयोजन रविवार को जयपुर में किया गया। यह दौड़ पूर्व सैनिकों के सम्मान, निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति की भावना के उपलक्ष में आयोजित की गई। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह दौड़ अल्बर्ट हॉल से शुरू हुई जिसमें पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, सैनिक, पेशेवर धावक, पैरा एथलीट, आमजन , दिव्यांग बच्चे और अन्य शामिल हुए। शर्मा ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों की दौड़ का शुभारम्भ राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सप्त शक्ति कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह,




'आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन' की क्षेत्रीय अध्यक्षा बरिंदर जीत कौर, सप्त शक्ति कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर ने किया। शर्मा ने बताया कि इस दौड़ में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को 30 लाख रुपये तक के पुरस्कार वितरित किए गए।

## 'नेत्र कुम्भ' में तीन लाख चश्मों के वितरण का बनेगा रिकॉर्ड

**प्रयागराज :** तीर्थराज प्रयागराज में संगम के पावन तट पर 13 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की आंखों के स्वास्थ्य को लेकर 'नेत्र कुम्भ' का आयोजन किया जाएगा। 'नेत्र कुम्भ' आयोजन समिति के अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नौ एकड़ में लगने जा रहे इस 'नेत्र कुम्भ' में पहली बार पांच लाख से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच करने और तीन लाख चश्मों का वितरण करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन की जरूरत वाले नेत्र रोगियों को उनके घर के पास स्थित नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। सिंह ने कहा कि इसके लिए 'नेत्र कुम्भ' की ओर से देशभर के 150 से ज्यादा अस्पतालों के साथ करार किया गया है। सिंह ने बताया कि ऐसे मरीजों को डॉक्टर निरीक्षण के बाद एक रेफरल कार्ड देंगे जिसकी एक प्रति संबंधित अस्पताल को भेजी जाएगी और दूसरी प्रति 'नेत्र कुम्भ' की आयोजक संस्था 'सक्षम' के कार्यकर्ताओं के पास रहेगी। ये कार्यकर्ता मरीज और अस्पताल के बीच समन्वय स्थापित कर ऑपरेशन की प्रक्रिया सुगम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस नेत्र कुम्भ से 50,000 लोगों को ऑपरेशन कार्ड प्रदान किए जाने की संभावना है। सिंह ने बताया, प्रयागराज में 2019 के कुम्भ मेले के दौरान 1.5 लाख लोगों को चश्मे का वितरण किया गया था और तीन लाख लोगों के आंखों की जांच के साथ हमने 'लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में स्थान बनाया था।

## राजस्थान: स्कूली बस पलटने से तीन बच्चियों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के राजसमंद जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन स्कूली बच्चियों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य बच्चे घायल हो गये। हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आमेट के महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थी बस से पिकनिक के लिये देसूरी (पाली) में परशुराम महादेव मंदिर जा रहे थे। बस में 62 बच्चे और छह अध्यापक सवार थे। उन्होंने बताया कि देसूरी नाले के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बस में सवार तीन लड़कियों की मौत हो गई। त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में 25 बच्चे घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसपी ने बताया कि इसके अलावा बस में सवार बच्चों समेत 37 अन्य को मामूली चोटें आई थी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। थानाधिकारी गोवर्धन सिंह ने बताया कि हादसे में तीन छात्राओं की मौके पर मौत हो गई जिनकी पहचान प्रीति (12), आरती (13) और अनीता (14) के रूप में की गई है। राज्यपाल बागडे ने एक बयान में पाली जिले के देसूरी नाले में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर हिंदू संगठनों का जींद में प्रदर्शन

**जींद :** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार को लेकर विभिन्न संगठनों ने रविवार को हरियाणा के जींद में प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार से पड़ोसी देश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), पूर्व सैनिक संघ व संत समाज सहित दर्जनभर से ज्यादा संगठनों द्वारा शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद वे लघु सचिवालय गए जहां जिला उपायुक्त के प्रतिनिधि को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जींद नगर परिषद की अध्यक्षा डॉ. अनुराधा सैनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और



अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोका जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जो हिंदू भारत आना चाहते हैं, उन्हें भारत लाया जाए और जो हिंदू वहीं रहना चाहता है उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जसमेर रजाना ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है जहां लाखों की संख्या में हिंदू विस्थापित हो गए हैं।

## न्यूज अपडेट

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले पानीपत में सुरक्षा कड़ी की गई

**चंडीगढ़ :** एलआईसी की 'बीमा सखी योजना' की शुरुआत के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के मद्देनजर हरियाणा के पानीपत में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 'बीमा सखी योजना' 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार गई है, जो दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हैं। अक्टूबर में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा हरियाणा दौरा होगा। इससे पहले, वह 18 अक्टूबर को पंचकूला में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि महिला सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप मोदी पानीपत में 'बीमा सखी योजना' की शुरुआत करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कहा कि योजना की शुरुआत के समारोह में करीब एक लाख महिलाएं मोदी का स्वागत करेंगी। पूनिया ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले मुख्यमंत्री सैनी ने भी कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था।

### संभल हिंसा : दो और आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र) :** संभल जिले में पिछले महीने जमा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा की घटना में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। स्थानीय पुलिस ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि नखासा थाना क्षेत्र में 24 नवंबर को पक्का बाग हिंदू पुरा खेड़ा में हिंसक पथराव हुआ था। इस दौरान पुलिस की मोटरसाइकिल जला दी गई थी और पुलिस की पिस्टल की मैगजीन और कारतूस भी लूट लिए गए थे। इसके बाद नखासा थाने में मामला दर्ज किया गया था। बयान के मुताबिक इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनस और मोहम्मद सूफियान नामक व्यक्तियों को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। संभल में पिछली 19 नवंबर को एक स्थानीय अदालत द्वारा मुगल कालीन शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण कराए जाने का आदेश दिए जाने के बाद से तनाव की स्थिति थी। उसके बाद 24 नवंबर को मस्जिद के दूसरे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी तथा अनेक अन्य घायल हो गए थे।

### राजस्थान: स्कूली बस पलटने से तीन बच्चियों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के राजसमंद जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन स्कूली बच्चियों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य बच्चे घायल हो गये। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आमेट के महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थी बस से पिकनिक के लिये देसूरी (पाली) में परशुराम महादेव मंदिर जा रहे थे। बस में 62 बच्चे और छह अध्यापक सवार थे। उन्होंने बताया कि देसूरी नाल के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बस में सवार तीन लड़कियों की मौत हो गई। त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में 25 बच्चे घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसपी ने बताया कि इसके अलावा बस में सवार बच्चों समेत 37 अन्य को मामूली चोटें आई थी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। थानाधिकारी गोवर्धन सिंह ने बताया कि हादसे में तीन छात्राओं की मौके पर मौत हो गई जिनकी पहचान प्रीति (12), आरती (13) और अनीता (14) के रूप में की गई है।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में लापरवाही और अनुशासनहीनता के लिए पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में जय प्रकाश नगर पुलिस चौकी पर तैनात एक उप निरीक्षक सहित कुल पांच पुलिसकर्मियों को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है उनमें बैरिया थाना क्षेत्र के जय प्रकाश नगर पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक गुरु प्रसाद सिंह और आरक्षी सचिन कुमार, बृजेश सिंह, चंदन रजक और अभय सिंह शामिल हैं।

## विकसित भारत अब सपना नहीं, लक्ष्य है: धनखड़

**चंडीगढ़ :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं, बल्कि लक्ष्य है जिसे भगवद्गीता के संदेश को ध्यान में रखते हुए नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से हासिल किया जाना है। उन्होंने लोगों को उन ताकतों के बारे में भी आगाह किया जो भारत को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं। धनखड़ ने कहा, 'हमने 2047 में विकसित भारत का रास्ता चुना है। विकसित भारत अब सपना नहीं, बल्कि हमारे सामने एक लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए हमें गीता के संदेश को ध्यान में रखना होगा...जैसे अर्जुन अपने लक्ष्य पर केंद्रित था, हमें वही दृष्टि, वही दृढ़ संकल्प, वही एकाग्रता रखनी होगी।' हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि विकसित भारत का लक्ष्य देश के लोगों के सामूहिक प्रयासों से 2047 तक या उससे भी पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा की गई तेज



प्रगति के बारे में चर्चा की और आशा जताई की देश, जो वर्तमान में विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, शीघ्र ही जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा। उपराष्ट्रपति ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि देश और विदेश में कुछ ताकतें हैं, जो धन-बल के आधार पर और तंत्र का इस्तेमाल करके भारत और इसकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं तथा इसकी संस्थाओं को पंगु बनाना चाहती हैं। धनखड़ ने कहा, 'उनकी कुत्सित मंशा, घातक उद्देश्य हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित और कमजोर करना तथा हमारे विकास की गति को बाधित करना है। ऐसी ताकतों को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।' उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति कहती है कि ऐसे मौके आते हैं जब ऐसी ताकतों को कुचलना पड़ता है... और हम यह सब गीता से समझते हैं।' उपराष्ट्रपति ने कहा, 'मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र के प्रति इस प्रेम को मापने की कोई जरूरत नहीं है, यह शुद्ध होगा, यह 100 प्रतिशत होगा। हम हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखेंगे।' धनखड़ ने उपस्थित लोगों से कहा, 'हमें याद रखना होगा कि हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है और हम ऐसे महान देश के नागरिक हैं, जैसा दुनिया में कोई दूसरा देश नहीं है, तो क्या हम अपनी भारत माता को चोट पहुंचाने देंगे?'

## नये आपराधिक कानूनों के तहत जांच में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी 'पूरी तरह से विश्वसनीय' : डीजीपी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एसएस यादव ने रविवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध जांच में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक 'पूरी तरह से सुरक्षित' है, बशर्ते प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए। नए कानूनों के तहत, 112 आपातकालीन प्रतिक्रिया हेल्पलाइन पर कॉल प्राप्त करने से लेकर साक्ष्य एकत्र करने तक, जांच के हर चरण को रिकॉर्ड करना अनिवार्य है, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफ और डिजिटल रूप से विशेष एप्लिकेशन 'ई-साक्ष्य' पर अपलोड किया जाता है। 'ई-साक्ष्य' राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा संचालित क्लाउड-आधारित सेवा है। यादव ने कहा कि नये कानून और प्रक्रियाएं सुनिश्चित करती हैं कि जांच तीव्र, समयबद्ध, कानूनी रूप से मान्य और स्वतः प्रस्तुत करने योग्य हों। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रौद्योगिकी पर निर्भरता के कारण जांच हैकिंग या दुरुपयोग के नजरिये से संवेदनशील हो गई है, यादव ने कहा, 'यदि प्रोटोकॉल का पालन किया जाए तो प्रौद्योगिकी हमेशा त्रुटिरहित होती है। ई-साक्ष्य एप्लीकेशन में, शुरू से लेकर अंत तक, एक ही 'हैश वैल्यू' है, जिससे प्रक्रिया की निरंतरता और त्रुटिरहित प्रणाली सुनिश्चित होती है।' 'हैश वैल्यू' डिजिटल फोरेंसिक के लिए मौलिक हैं, जो डिजिटल साक्ष्य की अखंडता और प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए एक विश्वसनीय, कुशल और सुरक्षित तरीका प्रदान करते हैं। अपनी जांच प्रक्रियाओं में 'हैश वैल्यू' को शामिल करके, फोरेंसिक विशेषज्ञ यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि डिजिटल साक्ष्य विश्वसनीय है। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकारी साक्ष्य एकत्र करने और प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए केवल प्रशासन द्वारा जारी टैबलेट का ही उपयोग कर सकते हैं, इसलिए दुरुपयोग की आशंका बहुत ही कम है।' यादव ने कहा कि साक्ष्य संग्रहण के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती, क्योंकि पूरी प्रक्रिया - जिसमें गवाहों के बयानों की रिकॉर्डिंग भी शामिल है- को 'ई-साक्ष्य' एप्लीकेशन के माध्यम से सीधे क्लाउड पर अपलोड कर दिया जाता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में बांग्लादेशी पकड़ा गया, वापस भेजा गया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि श्रीभूमि जिले में एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया और उसे पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि विदेशी नागरिक ने किस स्थान या क्षेत्र के जरिए भारत में प्रवेश करने का प्रयास किया था। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता दिखाते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया गया और उसे सीमा पार भेज दिया गया। श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में भोजन विषाक्तता से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूर गांव में भोजन विषाक्तता के कारण 40 वर्षीय व्यक्ति और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और एक बेटी का इलाज जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बदहाल गोरला गांव के रहने वाले फजल हुसैन, उनकी पत्नी शमीम अख्तर (38) और उनके चार बच्चों को शनिवार देर रात गंभीर अपच होने के कारण राजौरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि हुसैन ने रविवार तड़के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि उनकी पत्नी और बच्चों को विशेष उपचार के लिए जम्मू स्थानांतरित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के अस्पताल में तीन बच्चों ने भी दम तोड़ दिया, जिनक पहचान 15 वर्षीय राबिया कौसर, 12 वर्षीय फरमाना कौसर और 4 वर्षीय रफ्तर अहमद के रूप में हुई है। अख्तर और उनकी दूसरी बेटी 12 वर्षीय रुक्सार का इलाज जारी है।

### पुडुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री रामचंद्रन का निधन

**पुडुचेरी :** पुडुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री एम डी आर रामचंद्रन का रविवार को निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे और वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रामचंद्रन जब द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) में थे तो वे केंद्र शासित प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पहली बार 1980 में मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और तत्कालीन द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, जो तीन साल तक चली। रामचंद्रन 1990 में पुनः मुख्यमंत्री बने और एक वर्ष तक द्रमुक-जनता दल गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। रामचंद्रन वर्ष 2000 में द्रमुक छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए और 2001 में प्रादेशिक विधानसभा के अध्यक्ष बने, जब कांग्रेस ने एन रंगासामी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का गठन किया। इसके बाद रामचंद्रन पुडुचेरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बने। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा भी दिया। पुडुचेरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य वी वैथिलिंगम ने रामचंद्रन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### महाराष्ट्रः एमवीए नेताओं ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात कर विधानसभा में उपाध्यक्ष का पद मांगा

**मुंबई :** महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी के नेताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर विपक्षी गठबंधन में शामिल किसी एक दल को विधानसभा उपाध्यक्ष का पद देने की मांग की। नेताओं ने फडणवीस से कहा कि विपक्ष विधानसभा अध्यक्ष को निर्विरोध चुने जाने देगा लेकिन वह चाहता है कि सत्ता पक्ष प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उसे विधानसभा उपाध्यक्ष का पद दे। महाविकास आघाडी में शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार शामिल है। शिव-सेना (उबाठा) नेता भास्कर जाधव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और बाद में एमवीए नेताओं ने विधानसभा में गठबंधन की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की।

# विपक्ष ईवीएम के बारे में लोगों को गुमराह करना बंद करे, जनादेश स्वीकारे: एकनाथ शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में लोगों को गुमराह करने और जनादेश को स्वीकार न करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 20 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने काम की वजह से जीत हासिल की है इसलिए विपक्षी महाविकास आघाडी(एमवीए) को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए और विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना चाहिए। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को



नतीजे आए थे। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन ने 230 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा(एसपी)के विपक्षी गठबंधन को केवल 46 सीट मिली थीं। विपक्षी दलों ने चुनाव में हार के लिए ईवीएम में अनियमितता का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की। शिवसेना प्रमुख ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब आप जीतते हैं तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती लेकिन जब आप हारते हैं तो मशीन खराब हो जाती है। यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें निर्णायक रूप से पराजय मिला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने विपक्ष को उसकी जगह दिखा दी और साबित कर दिया कि वे घर बैठने वालों को वोट नहीं देते। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में महायुति को 2.48 करोड़ मत मिले, जो 43.55 प्रतिशत है।

## 'प्रोबा-3' से सूर्य के कोरोना के बारे में समझ विकसित करने में मिलेगी मददः इसरो के पूर्व वैज्ञानिक

**चेन्नई :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक पूर्व वैज्ञानिक ने कहा कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 उपग्रहों का इसरो के पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए सफल प्रक्षेपण एक 'अभूतपूर्व मिशन' है और इससे सूर्य के कोरोना तथा सौर वायु के बारे में समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। इसरो मुख्यालय के 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' कार्यालय के पूर्व निदेशक पी वी वेंकटकृष्णन के अनुसार, इस मिशन में 'नवोन्मेषी डिजाइन और उन्नत प्रौद्योगिकियों' का इस्तेमाल किया गया है जो भविष्य में अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान और सौर भौतिकी अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,'' यह मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का समन्वित प्रयास है। प्रोबा-3 एक अहम अभियान है और इसे सूर्य के कोरोना(सूर्य के बाहरी वायुमंडल) का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।''

## लव जिहाद के खिलाफ लड़ाई में ईसाइयों को हिंदुओं के साथ आना चाहिए : भाजपा विधायक टी.राजा सिंह

**पणजी :** तेलंगाना से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक टी. राजा सिंह ने रविवार को ईसाइयों से अपील की कि वे 'लव जिहाद' के खिलाफ लड़ाई में हिंदुओं के साथ आएं क्योंकि यह दोनों धर्मों को प्रभावित कर रहा है। दक्षिण गोवा के चर्चोरेम में बजरंग दल की एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि यदि 'जिहादियों' की आबादी बढ़ती रही और उनके सांसदों की संख्या बढ़ती रही तो अगले 20 से 30 वर्षों में भारत में कोई हिंदू प्रधानमंत्री नहीं होगा। भाजपा विधायक ने कहा, ''लव जिहादी केवल हिंदुओं को ही निशाना नहीं बनाते। मैं गोवा के ईसाई भाइयों से अपील करना चाहता हूं। आपको केरल फाइल्स (कहानी) फिल्म देखनी चाहिए, भले ही यह फिल्म पूरी कहानी नहीं बताती है।'' राजा सिंह के मुताबिक मुस्लिम पुरुष अन्य धर्मों की महिलाओं को शादी के लिए लुभाने और उन्हें अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर करने के लिए 'लव जिहाद' करते हैं। उन्होंने कहा, ''फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे लव जिहाद के नाम पर हिंदू और ईसाई लड़कियों को बहकाया जाता है। हिंदुओं ने ईसाई भाइयों के लिए लव जिहाद के खिलाफ लड़ने के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं। हाथ मिलाओ...हमारी ताकत बढ़ेगी।''

## भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा: प्रधान

**जमशेदपुर :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधान ने शनिवार को यहां 'एक्सएलअ-रआई-स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साल भर जारी रहने वाले प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन समारोह में कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, ''75 वर्ष पहले जब एक्सएलआरआई अस्तित्व में आया था, तब दुनिया आर्थिक मोर्चे पर भारत को जानती तक नहीं थी लेकिन आज हम तीन लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।'' प्रधान ने कहा, ''हम अगले तीन वर्षों में पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें धन और रोजगार सृजनकर्ता बनना होगा। हमारे पास लाखों रोजगार सृजन की क्षमता है। दुनिया डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए भारत की ओर देख रही है। दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हमारे देश में होते हैं। हम सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गए हैं।''

## दिल्ली पुलिस ने 2,500 किलोमीटर तक पीछा करके हैदराबाद में तस्कर को पकड़ा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारतीय युवाओं की तस्करी करके उन्हें साइबर धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर करने में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने दावा किया कि लगातार 2,500 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) मनोज सी ने कहा, 2,500 किलोमीटर की लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद हैदराबाद से कामरान हैदर उर्फ जैदी को गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने



जैदी की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर दो लाख रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, 27 मई को नरेश लखावत नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने कहा था कि वह नौकरी की तलाश कर रहे थे, इस दौरान उन्हें अली इंटरनेशनल सर्विस के बारे में पता चला, जो कथित तौर पर नयी दिल्ली में स्थित एक 'कंसल्टेंसी फर्म' है। डीसीपी ने कहा, कंपनी ने उन्हें थाईलैंड और लाओस में नौकरी की पेशकश की और अंततः थाईलैंड भेज दिया।

## न्यूज अपडेट

### चीन ने ताइवान के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान एवं चार गुब्बारे भेजेः ताइवान

**ताइपे :** चीन ने ताइवान पर अपने दावों को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत द्वीप के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चीन ने ऐसे समय में ये सैन्य गतिविधियां की हैं जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की अमेरिका समेत प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों की हालिया यात्रा के जवाब में बीजिंग द्वीप के आसपास सैन्य अभ्यास कर सकता है। चीन दो करोड़ 30 लाख लोगों की आबादी वाले स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और ताइवान के साथ अन्य देशों के औपचारिक संबंधों पर आपत्ति जताता है। अमेरिका समेत अधिकतर देश ताइवान को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देते लेकिन अमेरिका अनौपचारिक तौर पर ताइवान का प्रमुख समर्थक है और इसे हथियार बेचता है। चीन सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर सैन्य बल के माध्यम से ताइवान पर कब्जा करने का संकल्प लिया है तथा वह लगभग हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे के बीच 24 घंटे में 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे देखे गए। मंत्रालय ने कहा कि इनमें से छह विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया जो ताइवान और चीन का एक अनौपचारिक सीमा क्षेत्र है। मंत्रालय के अनुसार, इनमें से एक गुब्बारा द्वीप के उत्तरी सिरे से होकर गुजरा।

### पाकिस्तान : इमरान की रिहाई के लिए सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन शुरू करेगी पीटीआई

**पेशावर :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, ''हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम जीतेंगे।'' उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही। अली अमीन ने कहा, ''हमने अभी तक सिर्फ पांच हमले किए हैं और बाकी हमले भी जारी रखेंगे।'' इमरान खान की पार्टी ने अपनी तीन मांगों को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च करने की घोषणा की थी। पार्टी जेल में बंद खान और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनाव में पार्टी की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रही है। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था।

### यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की और मदद देगा अमेरिका

**सिमी वैली :** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की और सहायता दी जाएगी। माना जा रहा है ऐसा इसीलिए किया गया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले माह पदभार संभालने से पहले बाइडन प्रशासन कीव को मजबूत करने के लिए कांग्रेस (संसद) द्वारा स्वीकृत पूरी धनराशि को खर्च करना चाहता है। नवीनतम राहत में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम' या एचआईएमएआरएस के लिए ड्रोन और गोला-बारूद मुहैया कराए जाएंगे। यूक्रेन को इन हथियारों की फिलहाल बहुत जरूरत है जिन्हें 'यूक्रेन सिक्योरिटी अस्सिटेंस इनिशिएटिव' के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के जरिए जो हथियार मुहैया कराए जाते हैं वह यूक्रेनी सेना की भविष्य की क्षमता को बढ़ाने के लिए होते हैं न कि युद्ध के मौदान में तत्काल परिवर्तन लाने के लिए। अमेरिका की ओर से 98.8 करोड़ डॉलर का यह पैकेज गत सोमवार को घोषित 72.5 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता से अलग है। फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से अमेरिका यूक्रेन को 62 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता उपलब्ध करा चुका है। ऑस्टिन ने कहा, ''यह सहायता मुहैया कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।''

## हिंदुत्व एक बीमारी हैः इल्तिजा मुफ्ती, भाजपा ने की माफी की मांग

**जम्मू :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा ने रविवार को कहा कि 'हिंदुत्व' एक बीमारी है जिससे हिंदू धर्म बदनाम हो रहा है और अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को ''पीट पीट कर मार डालने और उनके उत्पीड़न' को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि भाजपा इसे अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल कर रही है। भाजपा ने इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और 'अपमानजनक शब्दों' के लिए माफी की मांग की। इल्तिजा ने 'एक्स' पर उस घटना का वीडियो पोस्ट किया जिसमें एक मुस्लिम व्यक्ति की कथित तौर पर



पिटाई की जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, ''यह सब देखकर भगवान राम भी बेबसी और शर्म से सिर झुका लेंगे कि नाबालिग मुस्लिम लड़कों को सिर्फ इसलिए चप्पलों से पीटा जा रहा है क्योंकि उन्होंने 'राम' का नाम लेने से इनकार कर दिया। हिंदुत्व एक बीमारी है, जिसने लाखों भारतीयों को प्रभावित किया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है।'' बाद में जम्मू में एक समारोह से इतर पत्रकारों से बातचीत में इल्तिजा ने अपनी टिप्पणी का बचाव किया और भाजपा पर देश में ऐसी स्थिति पैदा करने का आरोप लगाया। इल्तिजा ने कहा, ''हिंदुत्व और हिंदू धर्म में बहुत अंतर है। हिंदुत्व नफरत का दर्शन है जिसे सावरकर (विनायक दामोदर) ने 1940 के दशक में भारत में फैलाया था जिसका उद्देश्य हिंदुओं का आधिपत्य स्थापित करना था और दर्शन यह था कि भारत हिंदुओं का है और हिंदुओं के लिए है।''

## 'पुष्पा 2' ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 621 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की

**नयी दिल्ली :** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन बैनर 'मैत्री मूवी मेकर्स' ने सोशल मीडिया पर फिल्म के नवीनतम बॉक्स ऑफिस आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 'पुष्पा 2' ने रिलीज के तीन दिन में ही 621 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। स्टूडियो ने 'एक्स' पर लिखा, ''फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच रही है। इसने रिलीज के तीन दिन में ही 621 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।'' कंपनी के अनुसार, सुकुमार निर्देशित फिल्म 'पुष्पा-2' ने शनिवार को 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया था, जिससे यह इस आंकड़े तक सबसे तेजी से पहुंचने वाली फिल्म बन गई है। सुकुमार निर्देशित यह फिल्म 2021 की तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'पुष्पाः द राइज' का 'सीक्वल' है। फिल्म का दूसरा भाग हिंदी, तमिल, कन्नड़, बंगाली और मलयालम में डब संस्करणों के साथ बृहस्पतिवार को दुनिया भर में रिलीज हुआ और उसने पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर 294 करोड़ रुपये की कमाई कर ली। इसने भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़ी शुरुआत का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## गुलमर्ग में बर्फबारी से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद



**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में रविवार को बर्फबारी होने से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के बीच मशहूर गुलमर्ग में दोपहर में बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि आखिरी सूचना मिलने तक बर्फबारी जारी थी। उन्होंने बताया कि दो से तीन इंच बर्फ जमा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों सहित कई इलाकों में भी बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है। ट्रैवल एजेंट शोएब अहमद ने कहा, ''हम इस वर्ष अच्छी मात्रा में बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं ताकि पर्यटक आकर आनंद उठा सकें। पिछले वर्ष गुलमर्ग में बहुत कम बर्फबारी हुई थी, जिसके कारण पर्यटक घाटी से दूर रहे।''

## हिमंत ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 12.20 किलोमीटर लंबे पुल के लिए 'भूमिपूजन' किया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर सुआलकुची और पलासबारी के बीच 12.20 किलोमीटर लंबे पुल का 'भूमिपूजन' किया। शर्मा ने कहा कि यह नदी के दोनों किनारों पर रहने वाले लोगों के लिए एक परिवर्तनकारी पुल होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुल का निर्माण जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सुआलकुची छोर पर आर्द्रभूमि को नुकसान न पहुंचाने के लिए पुल का एक हिस्सा एलिवेटेड कॉरिडोर भी होगा। शर्मा ने कहा, ''यह पुल ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी और दक्षिणी तटों तथा वहां के लोगों के बीच एक क्रांतिकारी



बदलाव लाएगा। मैं उम्मीद करता हूं कि एक दिन हर उस जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक पुल होगा, जहां से यह नदी गुजरती है।'' उन्होंने राज्य के विभिन्न भागों में प्रमुख नदी पर सम्पर्क बढ़ाने के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं और प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया। शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में शांति की वापसी ने राज्य के विकास को बढ़ावा दिया है, अन्य राज्यों के लोग भी असम के विकास की सराहना कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए दूरदर्शिता और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया, जिससे राज्य की विकास गाथा को और गति मिलेगी।

## राज्य राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता नीति के कार्यान्वयन के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करें: केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राज्यों से स्कूली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के वास्ते कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कम लागत वाले स्वच्छता उत्पादों और लैंगिक-संवेदनशील स्वच्छता सुविधाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र तब भेजा है जब 12 नवंबर को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि प्रत्येक राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश की विशिष्ट आवश्यकताओं और संदर्भों के अनुरूप नीति को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए व्यापक कार्ययोजना की जरूरत होगी। केंद्र सरकार ने पिछले महीने शीर्ष अदालत को 'स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति' के बारे में जानकारी दी थी, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो नवंबर को मंजूरी दी थी। नीति का उद्देश्य सरकार की स्कूल प्रणाली में मासिक धर्म स्वच्छता को मुख्यधारा में लाना है, ताकि स्कूली छात्राओं के बीच ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सके, तथा जागरूकता की कमी की बाधाओं को दूर किया जा सके। यह विद्यालयों में मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों की निरंतर और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तंत्र को सुव्यवस्थित करने की वकालत करता है। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए नीति में कहा गया है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों की वास्तविक आवश्यकता का आकलन और अनुमान लगाना चाहिए। राज्य या केंद्र शासित प्रदेश सर्वेक्षण के माध्यम से मूल्यांकन करें ताकि सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक नियमित पहुंच मिल सके। इसके अतिरिक्त, नीति का उद्देश्य अहितकर सामाजिक नियमों को समाप्त करना, सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना, तथा मासिक धर्म अपशिष्ट का पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन करना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एक ऐसी कार्ययोजना तैयार करने और उसे प्रस्तुत करने को कहा है जिसमें नीति के सभी पहलू शामिल हों तथा इनमें सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित हो। मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी कहा है कि वे सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता प्रथाओं को प्रोत्साहन दे और किशोरियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए संवेदनशी-लता और जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता दे।

## ट्रंप ने यूक्रेन में 'तत्काल युद्ध विराम' का आह्वान किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम का आह्वान किया। ट्रंप ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में फ्रांसीसी और यूक्रेन के नेताओं के साथ सप्ताहांत की बैठक के बाद संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा तथा सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कीव 1,000 दिनों से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए ''एक समझौता करना चाहे-गा''। रूसी राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि किसी भी समझौते से स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। अपने 'ट्रुथ सोशल' मंच पर एक पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि रूस और



यूक्रेन दोनों ने एक ऐसे युद्ध में सैकड़ों हजारों सैनिकों को खो दिया है जो ''कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था''। उन्होंने कहा, ''तत्काल युद्ध विराम होना चाहिए और बातचीत शुरू होनी चाहिए। बहुत से लोगों को बेवजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है, बहुत से परिवार बर्बाद हो रहे हैं।'' उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया। ट्रंप की यह टिप्पणी शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के बाद आई। जेलेंस्की ने बैठक को ''रचनात्मक'' बताया। जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा कि कोई भी शांति समझौता यूक्रेन के लोगों के लिए न्यायसंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जब हम रूस के साथ प्रभावी शांति की बात करते हैं, तो हमें सबसे पहले प्रभावी शांति गारंटी के बारे में बात करनी चाहिए। यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं।'' उन्होंने रविवार को दावा किया कि 24 फरवरी, 2022 को रूस के चौतरफा आक्रमण के बाद से यूक्रेन ने अब तक 43,000 सैनिकों को खो दिया है जबकि 370,000 अन्य घायल हुए हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हरियाणा ने सीनियर कुश्ती राष्ट्रीय में अंतिम दिन सात स्वर्ण पदक जीते

**बेंगलुरु :** प्रिया ने रीतिका को हराकर अंतिम दिन महिलाओं का 76 किग्रा का खिताब जीत लिया जिससे हरियाणा के पहलवानों ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा के पहलवानों ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन आठ में से सात वर्गों में स्वर्ण पदक जीते जिससे उनकी टीम को टीम चैंपियनशिप जीतने में मदद मिली। हरियाणा ने टूर्नामेंट का समापन 235 अंक के साथ किया। 150 अंक हासिल करने वाला महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर रहा जबकि दिल्ली 106 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। हरियाणा की ज्योति (53 किग्रा), मीनाक्षी (55 किग्रा), तपस्या (57 किग्रा), अंजलि (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), राधिका (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) पोडियम के शीर्ष पायदान पर रहीं। भाग्य श्री (62 किग्रा) ने महाराष्ट्र के लिए स्वर्ण पदक जीता।

### भारत 14 मार्च से एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी शुरू करेगा, कोच मार्केज ने लंबे शिविर की मांग की

**नयी दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद होगा। ड्रॉ की पूर्व संध्या पर भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को 'लंबे शिविर' का प्रस्ताव दिया। इगोर स्टिमक से पदभार संभालने के बाद मार्केज ने चार मैचों में अभी तक सफलता का स्वाद नहीं चखा है। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, 'अपने विपणन भागीदारों से परामर्श करने के बाद एआईएफएफ को लगा कि राष्ट्रीय शिविर इंडियन सुपर लीग 2024-25 के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद 14 मार्च को शुरू हो सकता है।'

# रोहित और कोहली ने फिर किया निराश, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से रौंदा



**एडिलेड :** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने सीरीज में वापसी की है और पांच मैचों की सीरीज को फिलहाल 1-1 से बराबर कर दिया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 180 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रन की बढ़त हासिल की। भारत की दूसरी पारी 175 रन पर समाप्त हुई और रोहित एंड कंपनी ने 18 रन की बढ़त हासिल की। 19 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। उस्मान ख्वाजा नौ रन और मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था।

### बुमराह दोनों छोर से गेंदबाजी नहीं कर सकते, अन्य गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी: रोहित

**एडिलेड :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान है और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं। रोहित ने बुमराह का साथ देने के लिए टीम के अन्य गेंदबाजों से अपना स्तर ऊंचा करने को कहा। रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम सिर्फ एक गेंदबाज के साथ नहीं खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी होगी और टीम के लिए काम करना होगा। चाहे वह (मोहम्मद) सिराज, हर्षित राणा, नितीश रेड्डी, आकाश दीप या प्रसिद्ध (कृष्णा) हों।' भारतीय कप्तान ने गेंदबाजी विभाग में थोड़ी अनुभवहीनता की बात को स्वीकारते हुए उम्मीद जताई कि समय के साथ खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### शमी की वापसी पर संदेह, रोहित ने कहा कि गेंदबाज के घुटने में सूजन है

**एडिलेड :** मोहम्मद शमी की टेस्ट मैदान में बहुप्रतीक्षित वापसी में और देरी हो सकती है क्योंकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि मुश्ताक अली ट्रॉफी के साथ मैच खेलने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज के घुटने में एक बार फिर सूजन आ गई है। शमी की 'फ्लेइंग किट' और ऑस्ट्रेलियाई वीजा तैयार माना जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द उड़ान भरनी थी। लेकिन रोहित की मैच के बाद की टिप्पणियों के बाद उनके ऑस्ट्रेलिया जाने पर संदेह के बादल छा गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी की वापसी की संभावना है तो भारतीय कप्तान ने अपने जवाब में सतर्कता बरती।

## गुकेश ने 11वीं बाजी में लिरेन को हराया, विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में बढ़त बनाई

**सिंगापुर :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने लगातार सात बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद रविवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्लासिकल प्रारूप में खेली जा रही इस 14 दौर की प्रतियोगिता में अब केवल तीन बाजियां खेली जानी बाकी हैं। भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से छह अंक हो गए हैं जबकि चीन के खिलाड़ी के पांच अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा, वह विश्व चैंपियनशिप का विजेता बन जाएगा। इस तरह से यह जीत 18 वर्षीय गुकेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इतिहास अब गुकेश के पक्ष में है क्योंकि आधुनिक शतरंज में किसी भी चैलेंजर ने 10वीं बाजी के बाद 5-5 से बराबरी के बाद जीत दर्ज नहीं की है। लिरेन के लिए एकमात्र राहत की बात यह हो सकती है कि उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची के खिलाफ पिछले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में 12वीं बाजी जीती थी। लिरेन पर समय का दबाव था। चीन के खिलाड़ी ने इस दबाव में गलतियां की जिसका फायदा उठाकर गुकेश ने प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। गुकेश की जीत लगातार सात और कुल मिलाकर आठ ड्रॉ के बाद आई है। गुकेश ने घोड़े को आगे बढ़ाकर शुरुआत की लेकिन लिरेन ने बेनोनी ओपनिंग अपनाकर उन्हें हैरान कर दिया। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने यह चाल अपनी रणनीति के तहत नहीं चली और ऐसा करने का तात्कालिक निर्णय लिया। पांच चाल के बाद ही गुकेश को एक घंटे की बढ़त हासिल हो गई तथा इस तरह के महत्वपूर्ण मुकाबले में ऐसी स्थिति से बाहर निकलना मुश्किल होता है।



## अंडर-19 एशिया कपः बांग्लादेश से फाइनल में हारा भारत

**दुबई :** भारतीय बल्लेबाज रविवार को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन का फायदा नहीं उठा सके जिससे टीम को बांग्लादेश से 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया। पर भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दो मौकों पर लगातार विकेट गंवाए जिससे उसकी लय टूट गई। वहीं बांग्लादेश के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने दबाव बनाने में अपनी भूमिका बखूबी निभाई। इससे भारतीय टीम 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गई। टीम का कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जो केवल नौ रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके।



## न्यूज अपडेट

### भारतीय क्रिकेट के लिए खराब रहा रविवार का दिन, तीनों राष्ट्रीय टीम हारी

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के लिए रविवार का दिन खराब रहा और उसकी तीनों राष्ट्रीय टीमों सीनियर पुरुष, महिला और अंडर-19 पुरुष टीम को अपने-अपने मैचों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को जहां एडिलेड में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, वहीं भारतीय महिला टीम ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया से 122 रन के विशाल अंतर से हार गईं। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारत की सीनियर पुरुष टीम ने पर्थ में श्रृंखला का पहला मैच 295 रन से जीता था। इस तरह से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अब 1-1 से बराबर हो गई है। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। भारत के लिए इस खराब दिन में इतना ही पर्याप्त नहीं था। दुबई में अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय अंडर-19 टीम बांग्लादेश से 59 रन से हार गई। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के सामने 199 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 35.2 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहा।

### राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन कई नए रिकॉर्ड बने

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को यहां कई नए रिकॉर्ड बने। तमिलनाडु की अंतरराष्ट्रीय धाविका अबिनया राजराजन ने मीट रिकॉर्ड बनाकर महिलाओं के अंडर 18 वर्ग में 100 मीटर की दौड़ जीती। उन्होंने 11.66 सेकंड का समय लेकर रश्मी शेरेगर के 11.89 सेकंड के नौ साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। ओडिशा के डोंडापति मृत्युम जयराम ने पुरुषों के अंडर 20 वर्ग में 100 मीटर का खिताब जीता। महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल में हरियाणा की विश्व अंडर 20 कांस्य पदक विजेता आरती ने घरेलू प्रतियोगिता में अपना दबदबा जारी रखा और शुरू से अंत तक आगे रहीं। उन्होंने 47 मिनट 21.68 सेकेंड का समय निकाला और 2022 में मानसी नेगी द्वारा बनाए गए 47:30.94 के पिछले मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा ने महिलाओं के अंडर 18 वर्ग में अपने ही मीट रिकॉर्ड में सुधार किया।

### यह झूठ है कि हेड ने मुझसे कहा 'अच्छी गेंदबाजी की': सिराज

**एडिलेड :** शतकवीर ट्रेविस हेड को आउट करने के बाद कहासुनी में उलझने के लिए आलोचना का सामना कर रहे मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज की उस टिप्पणी को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज की तारीफ करने का दावा किया था। हेड ने 141 गेंदों में 140 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 157 रन की शानदार बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पारी की 82 वें ओवर में उनके आउट होने के बाद सिराज और हेड में तीखी नोकझोंक हुई। हेड ने इसके बाद प्रसारकों से कहा, 'मैंने उसे कहा कहा 'अच्छी गेंदबाजी की'। लेकिन उसने कुछ और ही सोचा और मुझे बाहर जाने की ओर इशारा किया। पिछली कुछ पारियों में जिस तरह से चीजें हुईं, मैं उससे थोड़ा निराश हूं।' सिराज ने हालांकि उनके बयान को झूठ करार देते हुए 'स्टार स्पोर्ट्स पर हरभजन सिंह से कहा, 'यह एक अच्छा संघर्ष था। मुझे उसके खिलाफ गेंदबाजी करना पसंद है। उसने 140 रन की पारी के दौरान वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, 'जब आपकी अच्छी गेंद पर भी छक्का लग जाता है तो थोड़ी निराशा होती है। यह आपके जज्बे को बढ़ाता है। जब मैंने उसे आउट करने के बाद जश्न मनाया लेकिन उसने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया।' सिराज ने कहा, 'यह झूठ है कि उसेन मुझसे 'अच्छी गेंदबाजी की' कहा।' यह घटना तब हुई जब सिराज ने 76 रन के स्कोर पर हेड का कैच छोड़ दिया था। इस बल्लेबाज ने इसके बाद उनकी गेंद पर छक्का भी जड़ा था। हैदराबाद के इस खिलाड़ी ने तुरंत हेड को बोल्ड कर जोश से जश्न मनाते हुए उन्हें वापस जाने का इशारा किया। ड्रेसिंग रूम में जाने से पहले हेड ने कुछ शब्द बोलकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। एडिलेड पर मौजूद रिकॉर्ड 50,000 से अधिक दर्शकों ने सिराज की हूटिंग की।



## इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने के मामले में बजाज ऑटो ने कहा- जांच हो रही



**छत्रपति संभाजीनगर :** छत्रपति संभाजीनगर में एक इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद प्रमुख दोपहिया वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। बृहस्पतिवार को जालना रोड पर व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर बजाज चेतक के इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने लगा। एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग ने धुआं बुझाने के लिए एक टीम मौके पर भेजी। वरवंडी गांव के दो किसान भगवान चव्हाण और रवींद्र चव्हाण पानी की पाइप खरीदने छत्रपति संभाजीनगर आए थे। अधिकारी ने बताया कि जब वे सिग्नल पर इंतजार कर रहे थे, तो उन्होंने देखा कि उनके ई-वाहन से धुआं निकल रहा है। वाहन को एक तरफ ले जाया गया और सेवन हिल्स फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। अधिकारी ने बताया कि टीम ने वाहन पर पानी का छिड़काव किया और धुआं निकलना बंद हो गया। बजाज ऑटो के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। संपर्क किए जाने पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा कि उन्हें वाहन के ब्रांड के बारे में कोई जानकारी नहीं है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास इस घटना की कोई सूचना नहीं है। सेवन हिल्स फायर ब्रिगेड इकाई के एक अधिकारी ने कहा कि घटना की सूचना बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे मिली। बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने हाल ही में कहा कि बजाज चेतक देश में सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है। उन्होंने कहा, ओला तो ओला है, चेतक तो शोला है।

### छात्रों की संख्या गिरने से कोटा के कोचिंग और हॉस्टल उद्योग पर असर

**कोटा :** छात्रों की आत्महत्याओं, कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के नए दिशा-निर्देशों और अन्य शहरों में कोचिंग ब्रांड के विस्तार से कोटा में कोचिंग सेंटर और छात्रावासों का कारोबार धीमा पड़ गया है। संबंधित उद्योग से जुड़े लोगों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोटा में छात्रों की संख्या सामान्य दो से 2.5 लाख से घटकर इस वर्ष 85,000 से एक लाख रह गई है, जिससे वार्षिक राजस्व 6,500 से 7,000 करोड़ रुपये से घटकर 3,500 करोड़ रुपये रह गया है। इस झटके के बावजूद, हितधारकों को कोटा कोचिंग मॉडल और इसके माहौल की विश्वसनीयता के बारे में आशावादी बने हुए हैं। यूनाइटेड काउंसिल ऑफ राजस्थान इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय चेयरपर्सन गोविंदराम मित्तल ने कहा कि कोटा की शैक्षणिक प्रणाली और माहौल बेजोड़ है और अगले सत्र में छात्रों को आकर्षित करेगा, जो गिरावट की भरपाई करेगा। उन्होंने कहा कि उद्योगपति वैकल्पिक अवसरों की तलाश कर रहे हैं, और वे शहर में बेंगलुरु की तर्ज पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। इसी साल कर्नाटक सरकार ने एक विधेयक को मंजूरी दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र में 50 प्रतिशत प्रबंधन पद और 75 प्रतिशत गैर-प्रबंधन पद स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने की बात कही गई थी, जिसकी पूरे उद्योग जगत ने आलोचना की थी।

## जनवरी से कारें हो जाएंगी महंगी, वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं ने की मूल्य वृद्धि की घोषणा



**नयी दिल्ली :** विभिन्न कार मॉडलों की कीमतें बढ़ने वाली हैं क्योंकि वाहन विनिर्माताओं ने जनवरी से कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कार विनिर्माता अगले महीने से कीमतों में बढ़ोतरी लागू करने का मुख्य कारण इनपुट लागत और परिचालन व्यय में वृद्धि बताते हैं। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि यह कवायद हर साल दिसंबर में वाहन विनिर्माताओं द्वारा वर्ष के अंतिम महीने में बिक्री की मात्रा बढ़ाने के लिए की जाती है, क्योंकि ग्राहक नए साल में वाहन खरीदने के लिए बाद के महीनों तक खरीदारी स्थगित कर देते हैं। परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार रजत महाजन ने कहा, हमने भारत में कीमतों में बढ़ोतरी के कुछ चक्र देखे हैं। यह कैलेंडर वर्ष और वित्त वर्ष की शुरुआत में होता है, लेकिन कुछ वाहन मूल कलपुर्जा विनिर्माता (ओईएम) अपने नियोजित लॉन्च के आधार पर भी समय चुनते हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग) रोहन कंवर गुप्ता ने कहा कि वाहन विनिर्माता कंपनियां आमतौर पर कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में कीमतों में वृद्धि करती हैं, ताकि मुद्रास्फीति के दबाव और कमोडिटी की कीमतों आदि के कारण परिचालन लागत में वृद्धि जैसे कारकों की भरपाई की जा सके। उन्होंने कहा, हाल ही में विभिन्न कार विनिर्माताओं द्वारा घोषित मूल्य वृद्धि इसी कारण से है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि यात्री वाहन उद्योग में विभिन्न मॉडलों पर पहले से ही भारी छूट की पेशकश की जा रही है, उद्योग का ध्यान भंडारण के स्तर को कम करने पर है। प्रवेश स्तर की ऑल्टो के10 से लेकर बहुउपयोगी वाहन इनविक्टो तक के मॉडल बेचने वाली कंपनी ने कहा कि वह बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है। प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया भी एक जनवरी, 2025 से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने पर विचार कर रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा जनवरी से अपने एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि यह समायोजन मुद्रास्फीति और वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों के कारण बढ़ती लागत को देखते हुए किया गया है। इसी प्रकार, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि वह अगले महीने से अपने संपूर्ण मॉडल शृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी लगातार बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों का नतीजा है। होंडा कार्स इंडिया भी कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार कर रही है, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं हुआ है कि कितनी बढ़ोतरी की जाएगी। लक्जरी कार बाजार की अग्रणी कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया जनवरी से कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। इनपुट और परिवहन लागत में वृद्धि के कारण ऑडी इंडिया अपने सभी मॉडल रेंज की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। इसी तरह, बीएमडब्ल्यू इंडिया अगले साल जनवरी से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करने की योजना बना रही है।

## पिछले 12 महीनों में 66 प्रतिशत व्यवसायों ने रिश्वत दीः सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** देशभर के 159 जिलों में लगभग 66 प्रतिशत व्यापारिक कंपनियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। ऑनलाइन मंच लोकलक्रिकल्स की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। सर्वेक्षण में 18,000 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिसमें पाया गया कि 54 प्रतिशत को रिश्वत देने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए स्वेच्छा से भुगतान किया। रिपोर्ट में कहा गया, कई कंपनियां नाम न छापने की शर्त पर बताती हैं कि सरकारी विभागों से परमिट या अनुपालन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रिश्वत देना आम बात है। प्राधिकरण लाइसेंस की डुप्लिकेट प्रति या संपत्ति से जुड़े किसी भी मामले में रिश्वत देना आम बात है। सर्वेक्षण में शामिल 66 प्रतिशत व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। सर्वेक्षण में शामिल केवल 16 प्रतिशत व्यवसायों ने दावा किया कि वे हमेशा रिश्वत दिए बिना काम करवाने में कामयाब रहे हैं और 19 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले 12 महीनों में जिन व्यवसायों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम होने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के समान है, जहां सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय परमिट, आपूर्तिकर्ता योग्यता, फाइलें, ऑर्डर, भुगतान नियमित रूप से रोके जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों पर कम्प्यूटरीकरण के बावजूद तथा सीसीटीवी से दूर बंद दरवाजों के पीछे व्यवसायों द्वारा रिश्वत देना जारी है। व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, माप विज्ञान, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई।



## न्यूज अपडेट

### डीआरआई ने 2024-25 की पहली छमाही में 123 किलोग्राम मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन जब्त किया

**नयी दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष में असम और मिजोरम जैसे पूर्वोत्तर के राज्यों में मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की जब्ती में वृद्धि हुई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अप्रैल-सितंबर के दौरान 123 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया है। मेथामफेटामाइन, जिसे 'आइस' या 'क्रिस्टल मेथ' के रूप में भी जाना जाता है, भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में इसका खासतौर से असर देखने को मिल रहा है। डीआरआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, तस्करी की जांच से संकेत मिलता है कि मेथामफेटामाइन को अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री मार्गों के माध्यम से अवैध रूप से भारत में लाया जा रहा है। तस्करी के लिए, नशीली दवाओं को रामेश्वरम, तूतीकोरिन और नागपट्टिनम जैसे तटीय इलाकों में बसों, ट्रेनों या कारों में विशेष रूप से तैयार किए गए डिब्बों में छुपाकर लाया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में डीआरआई ने 11 मामलों में 123 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया। वित्त वर्ष 2023-24 की पूरी अवधि में आठ मामलों में 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। इससे पता चलता है कि इस मादक पदार्थ की तस्करी बढ़ रही है। डीआरआई की पिछली रिपोर्ट के अनुसार 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की अवैध बाजार में कीमत 274.75 करोड़ रुपये है।

### अप्रैल-सितंबर में 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल्टी कंपनियों ने 71 हजार करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची

**नयी दिल्ली :** भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान 71,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सबसे अधिक बिक्री बुकिंग दर्ज की है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी से संकलित आंकड़ों के अनुसार 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल्टी कंपनियों ने 2024-25 की अप्रैल-सितंबर छमाही के दौरान 71,219 करोड़ रुपये की कुल बिक्री बुकिंग दर्ज की। बिक्री बुकिंग का बड़ा हिस्सा आवासीय संपत्तियों से आया। बिक्री बुकिंग के मामले में गोदरेज प्रॉपर्टीज चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 13,835 करोड़ रुपये के आंकड़े के साथ सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी बनकर उभरी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने 7,288 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की थी। लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्ति बेचने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड ने इस साल अप्रैल-सितंबर के दौरान 8,320 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी रियल्टी फर्म डीएलएफ लिमिटेड ने 7,094 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची। इसके बाद बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और दिल्ली - एनसीआर स्थित सिग्नेचर ग्लोबल का स्थान रहा।

### गेहूं, मक्के के रिकॉर्ड एमएसपी से हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी : कृषि मंत्री

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित गेहूं और मक्का के लिए सबसे ज्यादा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने में प्रदेश अग्रणी बन गया है। यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि सरकार की गारंटी के तहत प्राकृतिक खेती से प्राप्त गेहूं 40 रुपये प्रति किलोग्राम तथा मक्का 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा जा रहा है, जिससे 1,506 किसान परिवारों को लाभ मिल रहा है तथा 4,000 क्विंटल से अधिक मक्का की खरीद हो चुकी है। कुमार ने कहा कि 35,000 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है, जिसमें 1.98 लाख किसान शामिल हैं। मंत्री ने कहा, उनकी सहायता के लिए, 1.5 लाख से अधिक किसानों को निःशुल्क प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है, और इस वर्ष 36,000 से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती की पहल से जोड़ा जा रहा है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4083 अंक 233, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in